**रोहतक**
**गुरुवार 15 जनवरी 2026**
माघ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 347
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 21.5
न्यून. 0.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,382.71 | 244.98 ▼ |
| निफ्टी | 25,665.60 | 66.70 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,46,500/- | 1500/- ▲ |
| चांदी | 2,86,000/- | 15000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.29 | 6 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 64.82 बैरल 0.99% ▼
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### जुबीन की मौत डूबने से हुई : सिंगापुर पुलिस



**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत को लेकर सिंगापुर पुलिस ने किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया। पांच महीने बाद पुलिस ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसके मुताबिक, जुबीन की मौत डूबने की वजह से हुई थी। उन्होंने नशे की हालत में लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। *एजेंसी*

### लुधियाना कोर्ट व मोगा में स्कूल उड़ाने की धमकी

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में अदालत परिसर और मोगा के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद बुधवार को दोनों स्थानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके साथ ही, वहां सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि लुधियाना में अदालत परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है और वहां आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। *एजेंसी*

### भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.5 तीव्रता

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों ने अपने घरों और दुकानों में तेज झटके महसूस किए और कुछ घबराकर बाहर भी निकल आए। जानकारी के अनुसार, सोनीपत और उसके आसपास के इलाकों में हल्के भूकंप के झटके कई बार दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 आंकी गई। हालांकि, इससे कोई नुकसान की सूचना नहीं है।

### थोक महंगाई 8 माह के उच्च स्तर 0.83% पर

**नई दिल्ली।** थोक मुद्रास्फीति में लगातार दूसरे महीने वृद्धि जारी रही और दिसंबर 2025 में यह आठ महीने के उच्च स्तर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य पदार्थों, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी से इसमें वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत और अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.02% रही। *भाषा*

### सेना के जवानों को मिलेगा 1 करोड़ का एक्सीडेंट बीमा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने अपने जवानों के लिए बीमा सुरक्षा को और पुख्ता करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। भारतीय सेना और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बीच हुए नए नवीनीकृत समझौते से अब सैनिकों और उनके परिवारों को पहले से ज्यादा व्यापक बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसमें एक करोड़ तक का एक्सीडेंटल बीमा और बेटियों की शादी के लिए स्पेशल कवर शामिल है। *एजेंसी*

### ट्रंप के टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का फैसला टला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ लगाने के अधिकार पर फैसला फिलहाल टाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। इससे पहले 9 जनवरी को फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन उस दिन भी कोई फैसला नहीं हुआ था। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने उनके लगाए गए ग्लोबल टैरिफ को रद्द किया, तो अमेरिका के लिए हालात पूरी तरह बिगड़ सकते हैं।

# कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट : प्रदेश में सबसे ठंडा रहा सोनीपत, 0.4 डिग्री पर ठिठुरे लोग

**तीन जिलों में तापमान 1 डिग्री से नीचे रहा, हिसार 0.5 डिग्री के साथ दूसरा सबसे ठंडा**

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को तीन जिलों में तापमान एक डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। ठंड लगातार सितम ढा रही है। धूप निकलने के बावजूद मौसम में गलन बनी रही। लोग दिनभर घरों में दुबके रहे। बुधवार को सोनीपत सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 0.5 डिग्री सेल्सियस के साथ हिसार प्रदेश में दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। हिसार में तापमान सामान्य से छह डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, कई जिलों में सुबह के समय कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। प्रदेश में कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। है। 14 जिलों में भीषण सर्दी ने लोगों को खूब कंपकंपाया।

## सुबह के समय कई जिलों में दृश्यता बेहद कम रही

**पारा मीटर**

| शहर | तापमान |
|---|---|
| सोनीपत | 0.4 |
| हिसार | 0.5 |
| गुरुग्राम | 0.8 |
| नारनौल | 1.0 |
| महेंद्रगढ़ | 1.0 |
| भिवानी | 1.2 |

### अधिकतम तापमान 3.8 डिग्री तक गिरा

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और शीतलहर ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। हालात ऐसे रहे कि दिन में निकली धूप भी लोगों को राहत नहीं दे सकी। बुधवार तड़के करीब साढ़े पांच बजे से ही घना कोहरा छा गया। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे नेशनल हाईवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या :** शीतलहर का असर सबसे अधिक बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर देखा जा रहा है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी समस्याओं के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। डॉक्टरों ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतने, गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक रूप से सुबह व रात के समय बाहर न निकलने की सलाह दी है।

### 19 के बाद बारिश संभव

प्रदेश में 16 जनवरी तक मौसम खुश्क रहने के आसार हैं। इस दौरान उत्तर-पश्चिम शीत हवाएं चलने से रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आने व दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी। कहीं-कहीं पाला पड़ने की भी संभावना है। दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी व 19 जनवरी रात्रि को आने की संभावना से मौसम में बदलाव बने रहने की संभावना है, जिससे 17 व 18 जनवरी को आंशिक बादलवाई व एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। परंतु 19 जनवरी के बाद राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना बन रही है।
-**डॉ. मदन खीचड़**, अध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग हकृवि

**हिसार में जमीं ओस की बूंदें**



**अलर्ट का मतलब**

**येलो :** मौसम बिगड़ने की संभावना को देखते हुए जारी किया जाता है। इस अलर्ट के तहत मौसम की अपडेट लेने की सलाह दी जाती है।

**ऑरेंज :** जब मौसम का स्तर अधिक गड़बड़ होता है। इस स्थिति में आंधी-तूफान व तेज बारिश की संभावना होती है।

**रेड :** जब मौसम बहुत अधिक खराब होता है। इसका मतलब यदि बहुत तेज बारिश होने की संभावना या फिर बादल फटने आशंका हो।

## ईरान में बिगड़े हालात, विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

# भारतीय नागरिक तुरंत ईरान छोड़ें, कागजात तैयार रखें

**आर्थिक मुद्दों पर शुरू हुए प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के बीच दिनों-दिन हालात और खराब होते जा रहे हैं। इन बिगड़ते हालातों को देखते हुए भारत ने बुधवार को वहां रहे रहे भारतीयों के लिए एडवायजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि ईरान में रहने वाले भारतीय जल्द से जल्द हिंसा प्रभावित देश छोड़ने दें। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी एडवाइजरी में बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और विरोध प्रदर्शनों को कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति का हवाला दिया गया है। एडवाइजरी में कहा गया है, भारत सरकार द्वारा 5 जनवरी 2025 को एक एडवायजरी के सिलसिले में और ईरान में बिगड़ती स्थिति को देखते हुए, ईरान में रह रहे भारतीयों को सलाह दी जाती है, वे उपलब्ध परिवहन के साधनों से ईरान छोड़ दें।

- ▸▸ प्रदर्शन वाले क्षेत्रों से दूर रहें लोग
- ▸▸ ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें नागरिक
- ▸▸ प्रदर्शनों में अब तक 3400 से ज्यादा लोग मारे जा चुके
- ▸▸ ईरान के प्रधान न्यायाधीश ने प्रदर्शनकारियों पर मुकदमे चलाने और फांसी दिए जाने के दिए संकेत

### हिंसा भड़काने के आरोपी इरफान को दी जा सकती है फांसी



### प्रदर्शनकारियों पर सख्ती

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच न्यायपालिका ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सुनवाई तेज करने और फांसी दिए जाने के संकेत दिए हैं। ईरान के मुख्य न्यायाधीश घोलामहुसेन मोहसेनी एजेई ने कहा कि विरोध प्रदर्शन बंद होने चाहिएं। वहीं, हिंसा भड़काने के आरोपी इरफान सुल्तानी को फांसी दी जा सकती है।

### 300 शवों को दफनाया

एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान में अब तक 3400 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बुधवार शाम को 300 से अधिक शवों को एक साथ दफनाया गया है। इनमें प्रदर्शनकारियों के साथ सुरक्षाबलों के शव भी शामिल हैं। वहीं, ईरान का दावा है कि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं।

### हमला न करें ट्रंप : अरब देश

इजराइल और कुछ अरब देशों ने अमेरिका से कहा है कि वह फिलहाल ईरान पर किसी तरह का सैन्य हमला न करें।

### ईरान की चेतावनी

वहीं, ईरान ने भी कई देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ट्रंप ईरान पर हमला करता है तो ईरान भी उसके सैन्य ठिकानों पर हमला करेगा।

### कतर में खाली किया जा रहा यूएस एयरबेस

मध्य पूर्व में कतर अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जा रहा है। यहां अल उदीद एयरबेस अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां अमेरिका के 10 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात हैं। अमेरिका यहां से ईरान को निशाना बना सकता है। वहीं, पाकिस्तान भी अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है, जहां से अमेरिकी फाइटर जेट उड़ान भर सकते हैं। ईरान की चेतावनी के बीच कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस से कुछ कर्मियों को हटाकर इसे खाली करवाया जा रहा है। यहां ईरान भी हमला कर सकता है।

### तनाव रोकने को एक्टिव हुए कई देश

अमेरिका के करीबी सहयोगी तीन खाड़ी देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी अमेरिकी सैन्य कार्यवाही को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। ये कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय हैं।

## प्रदेश में ईडब्ल्यूएस की आय सीमा बढ़ी

# अब आठ लाख तक आय वाले परिवारों को भी कोटा

- सिविल पदों व सेवाओं में भर्ती और शिक्षण संस्थानों में मिलेगा आरक्षण का लाभ
- इससे पहले ईडब्ल्यूएस के तहत सालाना आय सीमा 6 लाख रुपये तय की गई थी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



प्रदेश की नायब सैनी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है। इस फैसले से ईडब्ल्यूएस वर्ग में 8 लाख की आय वाले परिवारवालों को भी अब आरक्षण का लाभ मिलेगा। यह निर्णय केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। संशोधित आय सीमा राज्य में सिविल पदों और सेवाओं में प्रत्यक्ष भर्ती तथा सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आरक्षण पर लागू होगी।

### पिछले साल पॉलिसी लागू

सरकार ने अक्टूबर-2025 में ईडब्ल्यूएस पॉलिसी लागू की थी। यह पॉलिसी उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो वर्षों से किराये के मकानों, झुग्गियों या अस्थायी कमरों में रहकर अपने घर का सपना देख रहे थे। यह पॉलिसी हरियाणा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की ओर से तैयार की गई और इसे लागू करने की जिम्मेदारी 'हाउसिंग फॉर ऑल' विभाग को दी गई। पॉलिसी के तहत हर लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में 20% प्लॉट और हर ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में 15% फ्लैट ईडब्ल्यूएस के लिए अनिवार्य रूप से सुरक्षित रखे जाएंगे।

### ईडब्ल्यूएस के फायदे

प्रदेश में ईडब्ल्यूएस के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 10% आरक्षण, आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा (कक्षा 1-3 तक), चिराग योजना (कक्षा 4-12 तक) के तहत वित्तीय सहायता और आवास योजनाओं व सब्सिडी तक पहुंच जैसे कई फायदे मिलते हैं।

## नीट पीजी कटऑफ गिरा, अब माइनस 40 वालों का भी दाखिला

**पटना (एजेंसी)।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीइएमएस) ने नीट पीजी 2025 का कटऑफ कम कर दिया है। कटऑफ कम होने से कुछ कैटेगरी में क्वालीफाइंग पर्सेंटाइल जीरो (0) तक पहुंच गया है और स्कोर -40 (800 में से नेगेटिव मार्किंग के कारण) तय हुआ है। कटऑफ कम होने से एमबीबीएस डॉक्टर्स को काफी फायदा मिलेगा। अब माइनस 40 स्कोर वाले छात्र दाखिले के पात्र होंगे। कटऑफ कम होने के बाद अब बड़ी संख्या में उम्मीदवार काउंसलिंग के तीसरे राउंड और स्ट्रे वैकेंसी राउंड में शामिल होंगे। वहीं, फेडरेशन ऑफ इंडिया मेडकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. रोहन कृष्णन ने सरकार के इस फ़ैसले का विरोध किया है।

**ईडी बोली हमने कुछ जब्त नहीं किया**

## करनाल में कुत्तों के झुंड ने बच्चे को नोंचा, हालत गंभीर

**शरीर में कई जगह घाव, 8 टांके लगे**

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** करनाल में घर के बाहर खेल रहे एक मासूम बच्चे पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर बुरी तरह नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे को बुरी तरह से काट लिया। इस हमले में बच्चा संभल नहीं पाया और जमीन पर गिर गया। कुत्ते उसे लगातार नोंचते रहे। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे की जान बचाई। परिजन तुरंत घायल बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे। बच्चे के शरीर पर गहरे घाव पाए गए, जिनमें आठ टांके लगाने पड़े। फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर है लेकिन वह मानसिक रूप से काफी डरा हुआ है। परिजनों ने नगर निगम में शिकायत दी है।

## शत्रुजीत कपूर आईटीबीपी के नए महानिदेशक बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने हरियाणा कैडर के 1990 बैच के आईपीएस शत्रुजीत सिंह कपूर को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का महानिदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से 31 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। उन्हें वेतन मैट्रिक्स के लेवल-17 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी यह नियुक्ति पश्चिम बंगाल कैडर के 1993 बैच के आईपीएस प्रवीण कुमार के स्थान पर हुई है। उनकी नियुक्ति से आईटीबीपी के प्रशासनिक व परिचालन कार्यों को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, प्रवीण कुमार को बीएसएफ का महानिदेशक और आईपीएस राकेश अग्रवाल को एनआईए का महानिदेशक बनाया गया है।

**मल्हा माजरा में साहिल हत्याकांड और लूट का मामला सुलझा**

## सोनीपत में दोस्त ने करवाई थी मां के सामने बेटे की हत्या

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** मल्हा माजरा गांव में साहिल हत्याकांड और डकैती की गुत्थी सुलझ गई है। दरअसल, स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट क्राइम यूनिट कुंडली और कुंडली थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक लाख के इनामी तीन आरोपितों को मुठभेड़ के गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान शेखर और शफीक के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पूर्व प्रबीना पी ने बताया कि आरोपितों ने कबूल किया है कि 8 जनवरी की रात साहिल की हत्या में वे शामिल थे। मास्टरमाइंड साहिल का दोस्त शेखर है। उसका साहिल के घर पर आना जाना था। उसे साहिल के परिवार की आर्थिक स्थिति की पूरी जानकारी थी। उसी ने दोस्तों से मिलकर साहिल की मां के सामने ही उसकी चाकुओं से गोदकर उसकी हत्या करवाई थी।



पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपितों को पकड़ा, कर्ज उतारने के लिए लूट करने गया।

### कर्ज उतराने के लिए वारदात

शेखर ने स्वीकार किया कि उसपर काफी कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए उसने अपराध का रास्ता चुना। साहिल ने शेखर को बताया था कि उसे जमीन के दो करोड़ मिलने वाले हैं। इसी लालच में आकर शेखर ने साथियों शफीक, सद्दाम, महिना, सेबू और शोहिल उर्फ बाउंसर के साथ लूट को अंजाम दिया। शेखर के साथियों ने बीच में आए साहिल को उसकी मां के सामने ही चाकू घोंपकर मार डाला। उस समय शेखर बाहर पहरा देता रहा।

## अरावली में अतिक्रमण से दिल्ली-एनसीआर में संकट

# अवैध खनन से वायु गुणवत्ता और जलवायु संतुलन पर गंभीर असर

**नई दिल्ली (भाषा)।** अरावली पर्वतमाला में अतिक्रमण, वनों की कटाई, अवैध खनन और शहरी बुनियादी ढांचे के विस्तार ने भूजल पुनर्भरण, जैव विविधता, वायु गुणवत्ता और जलवायु संतुलन पर गंभीर असर डाला है। एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई। रिपोर्ट में कहा गया कि 1980 के दशक से पहले विशेषकर सरिस्का और बरदोद वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास बड़े पैमाने पर वन भूमि में बदलाव के कारण प्राकृतिक वन आवरण में भारी गिरावट आई। अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर यह शोध सांकला फाउंडेशन द्वारा भारत में डेनमार्क दूतावास और हरियाणा राज्य वन विभाग के सहयोग से किया गया था। शोध में यह भी कहा गया है कि अरावली में अतिक्रमण का सबसे गंभीर असर दिल्ली एनसीआर को झेलना पड़ रहा है। लोग परेशानी झेल रहे हैं।

**वन भूमि में बदलाव के कारण प्राकृतिक वन आवरण में भारी गिरावट**



## जहाज में टीम ने 18 दिन खिचड़ी और अचार खाकर यात्रा पूरी की

# दो हजार साल पुरानी तकनीक से बना जहाज 'कौंडिन्य' ओमान पहुंचा

**29 दिसंबर को गुजरात के पोरबंदर से यात्रा शुरू की थी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना का 2000 साल पुरानी पाल विधि से निर्मित जहाज आईएनएसवी कौंडिन्य बुधवार को 18 दिनों की यात्रा पूरी कर गुजरात से ओमान पहुंच गया। कौंडिन्य ने 29 दिसंबर को गुजरात के पोरबंदर से यात्रा शुरू की थी और 14 जनवरी को ओमान के मस्कट पहुंचा। इस यात्रा का मकसद भारत की प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से पुनर्जीवित करना है। यह जहाज 4-5वीं शताब्दी के भारतीय जहाजों के मॉडल पर बना है। बिना कील या धातु के लकड़ी के तख्तों को रस्सियों से सीलकर तैयार किया गया। इस पर कोई कमरा नहीं है। क्रू मेंबर्स स्लीपिंग बैग में सोते थे।

*बिजली की भी व्यवस्था नहीं थी। अन्य जहाजों को चेतावनी देने के लिए क्रू के पास सिर्फ हेडलैंप्स थे, जो अपने सिर पर लगाकर रखते थे। यह जहाज बिना कील या धातु के लकड़ी के तख्तों को सीलकर बनाया है।*

### पहली सदी के भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा

**ऐसा है 'कौंडिन्य'**
- 16 क्रू मेंबर्स सवार
- 500 टन वजन
- फीट ऊंचाई
- 22 फीट चौड़ाई
- 56 फीट लंबाई



### फरवरी 2025 में किया गया था लॉन्च

- कौंडिन्य को फरवरी, 2025 में गोवा के होडी शिपयार्ड में लॉन्च किया गया था। 20 मई, 2025 को इसे भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया।
- पीएम मोदी ने 31 दिसंबर, 2025 को कौंडिन्य टीम की तस्वीर शेयर की थी। इसका नाम पहली सदी के भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा है।
- हिंद महासागर पार कर मेकांग डेल्टा तक यात्रा की थी। वहां एक कंबोडियाई राजकुमारी से शादी की थी।

### नारियल के रेशों से सीला

- 'कौंडिन्य' का डिजाइन अजंता गुफाओं की 5वीं सदी की एक पेंटिंग पर आधारित है। गोवा की एक कंपनी ने करीब 2000 साल पुरानी टांका पद्धति से इस जहाज का निर्माण किया है। लकड़ी के तख्तों से बने इस जहाज को नारियल के रेशों से सिला गया है।
- जहाज में कहीं भी कीलों का इस्तेमाल नहीं हुआ है। न तो इंजन है और न ही जीपीएस। इसमें चौकोर सूती पाल और पैडल लगे हैं। यह पूरी तरह हवा के सहारे, कपड़े के पाल (सढ़) से चलता है।

# पंजाब व हरियाणा पड़ोसी ही नहीं, आपस में खून और भाईचारे का रिश्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ मुख्यमंत्री ने श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेले में श्रद्धालुओं को संबोधित किया




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब और हरियाणा केवल पड़ोसी राज्य नहीं हैं, बल्कि दोनों का रिश्ता खून और भाईचारे का है। हरियाणा के लोग पंजाब से गहरा प्रेम करते हैं। उन्होंने पंजाब में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पंजाब के लोग कठिनाई में थे, तब हरियाणा वासियों ने छोटे भाई की तरह पंजाब की हर संभव मदद की। यही हमारी संस्कृति और संस्कार हैं।

■ बड़े भाई पंजाब पर जब भी आपदा आई, छोटे भाई हरियाणा ने अपना फर्ज निभाया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित माघी मेला में उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्री मुक्तसर साहिब की पवित्र धरा को नमन करते हुए कहा कि इस पवित्र और ऐतिहासिक स्थल पर आना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। श्री मुक्तसर साहिब की पावन धरती, इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज है। यहां चालीस मुक्तों ने, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरणों में अपने प्राण अर्पित कर दिए।

## जनता से किए वादे भूल चुकी पंजाब की आप सरकार : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में प्राकृतिक आपदा के समय यहां के सत्तासीन नेताओं को जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दी, आपदा के समय हरियाणा के लोगों ने पंजाब का साथ दिया, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री उस कठिन समय में कहीं नजर नहीं आए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पंजाब की वर्तमान सरकार ने पंजाब की जनता से जो वायदे किए थे, उन पर खरी नहीं उतरी है। यहीं नहीं, वो आपदा के समय भी अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से 217 वादों वाला संकल्प पत्र जारी किया था, जिनमें से एक वर्ष के भीतर 54 वादों को पूरा किया जा चुका है। शेष 163 वादों पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने जनता से किए वायदे केवल कागजों में ही पूरे किए है।

## सामाजिक न्याय मंत्री ने उज्जवला लाभार्थियों को बांटे सिलेंडर

चंडीगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई उपलब्ध कराना है, ताकि उनके स्वास्थ्य की रक्षा के साथ-साथ जीवन स्तर में भी सुधार हो सके। बेदी फतेहाबाद के टोहाना पहुंचे थे।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 21 दिनांक 13.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम - मुनेश देवी ।
पति का नाम - मोनू ।
पता - वासी गाँव बड़ोता सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 33 वर्ष।
कद - 5 फुट 3 ईन्च।
हुलिया:- रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लम्बे बाल, काली आँखे, पतला शरीर, दाहीने हाथ पर बासुरी का टैटू बना हुआ है।
पहनावा:- सतरी रंग का सुट-सलवार व पैरों मे महरुम रंग के जुती पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2026 को मुनेश देवी पत्नी मोनू वासी गाँव बड़ोता सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी हैं व अपने संग अपनी लड़की इशिका को भी लेकर गई हुई है जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना सदर गोहाना-7419410545
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9467773641
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4350/2026/42034/88/6 दि. 14.01.26


## जीजेयू में संविदा पर लगे टीचिंग एसोसिएट्स/सहायक प्रोफेसरों की याचिका खारिज

**हाईकोर्ट की टिप्पणी**
पवित्र व अनिवार्य चयन प्रक्रिया का पालन किए बिना नियुक्ति अवैध

# लंबे समय तक सेवाएं देना नियमित नियुक्ति का आधार नहीं हो सकता

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में वर्षों से संविदा आधार पर कार्यरत टीचिंग एसोसिएट्स/सहायक प्रोफेसरों की नियमितीकरण की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा है कि लंबी अवधि तक सेवा देने मात्र से नियमित नियुक्ति का अधिकार स्वत उत्पन्न नहीं हो जाता, विशेषकर तब, जब प्रारंभिक नियुक्ति विश्वविद्यालय के वैधानिक नियमों और निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुरूप न हुई हो।जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर जैसे अकादमिक पदों पर नियुक्ति एक साधारण प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक पवित्र और अनिवार्य चयन व्यवस्था के तहत की जाने वाली प्रक्रिया है, जिसे नजरअंदाज कर नियमितीकरण का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वे वर्ष 2010 से 2015 के बीच विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फूड टेक्नोलॉजी, मास कम्युनिकेशन और फिजियोथेरेपी में वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से संविदा पर नियुक्त किए गए थे। उन्होंने दलील दी कि वे यूजीसी और एआईसीटीई की सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं को पूरा करते हैं, एक दशक से अधिक समय से लगातार सेवाएं दे रहे हैं और उनका कार्य नियमित सहायक प्रोफेसरों के समान है, इसलिए उन्हें नियमित किया जाना चाहिए।

■ विवि के कई विभागों में एक दशक से ज्यादा समय से सेवाएं दे रहे शिक्षक

### एडहॉक चयन समितियों ने किया था नियुक्त

अदालत ने इस दलील को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम और स्टैच्यूट्स के अंतर्गत गठित नियमित चयन समिति द्वारा नहीं की गई थी। उन्हें केवल एडहाक चयन समितियों की सिफारिश पर, सीमित अवधि के लिए और वाक-इन इंटरव्यू के जरिए नियुक्त किया गया था। यह प्रक्रिया नियमित नियुक्ति की अनिवार्य चयन प्रणाली का स्थान नहीं ले सकती। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सहायक प्रोफेसर की नियमित नियुक्ति के लिए व्यापक विज्ञापन, विधिवत गठित चयन समिति, विषय विशेषज्ञों की भागीदारी और कार्यकारी परिषद की स्वीकृति आवश्यक है। इन अनिवार्य शर्तों का पालन किए बिना की गई नियुक्तियों को न तो नियमित कहा जा सकता है और न ही मात्र "अनियमित" मानकर नियमितीकरण का लाभ दिया जा सकता है। अदालत ने इस तथ्य को भी महत्वपूर्ण माना कि याचिकाकर्ताओं को लंबे समय तक सेवा में बनाए रखने का कारण विश्वविद्यालय की कोई नियमित नीति नहीं, बल्कि पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश थे। इससे पहले की याचिकाओं में स्वयं याचिकाकर्ताओं ने यह प्रार्थना की थी कि उन्हें नियमित चयन होने तक कार्य करने दिया जाए। ऐसे में अब नियमितीकरण की मांग करना, अदालत के अनुसार, अपने ही पूर्व रुख से पलटने जैसा है।



### 40 वर्षों के बाद भी सफाईकर्मी को पक्का न करने पर सख्ती

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने लगभग चालीस वर्षों से सफाईकर्मी के रूप में सेवाएं दे रहे एक कर्मचारी के साथ राज्य सरकार के रवैये पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने कहा कि वर्ष 1986 से लगातार सेवाएं दे रहे याचिकाकर्ता बीर सिंह उर्फ भिरा से दशकों तक काम लेने के बावजूद उसे नियमित न करना न केवल संवैधानिक सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह राज्य द्वारा किए गए संस्थागत शोषण की श्रेणी में आता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि राज्य, जिसे एक आदर्श नियोक्ता होना चाहिए, तकनीकी वर्गीकरण का सहारा लेकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। अदालत के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि याचिकाकर्ता का सेवा रिकॉर्ड पूरी तरह बेदाग रहा है और उसकी ईमानदारी अथवा कार्यकुशलता पर कभी कोई सवाल नहीं उठा।

## कर्मचारी संगठन 15 को जींद सम्मेलन में जुटेंगे

**चंडीगढ़।** कर्मचारी, मजदूर व किसान संगठन 15 जनवरी को जींद की जाट धर्मशाला में राज्य स्तरीय महासम्मेलन आयोजित कर रहे हैं। इस महासम्मेलन में केंद्र एवं राज्य सरकार की जन एवं कर्मचारी, मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि इस महासम्मेलन में नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर के सभी घटक संगठन, राज्य कर्मचारियों के प्रमुख संगठन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और हरियाणा कर्मचारी महासंघ के अलावा केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू व अन्य संगठन जुटेंगे।

## मत्स्य पालकों को पास ही मिलेगा बाजार

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण और मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य के मत्स्य पालकों को अपनी मछली बेचने के लिए उनके नजदीक मार्किट उपलब्ध करवाने की कार्य योजना तैयार करें ताकि उनको दूर दराज के क्षेत्र में बिक्री के लिए न जाना पड़े। राणा यहां अपने कार्यालय में मत्स्य पालन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

**सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए, अंबाला मंडल के अंतर्गत नीचे उल्लिखित 12 हॉल्ट स्टेशनों के लिए 5 वर्षों की अवधि हेतु हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए इच्छुक आवेदकों से खुले आवेदन आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

| | |
|---|---|
| 1. | NIA संख्या एवं तिथि : CP-10-UMB-Halt-99-pt.-II |
| 2. | रेलवे वेबसाइट : www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि : 08.01.2026 को 13:00 बजे |
| 4. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड अंतिम तिथि : दिनांक 29.01.2026 को 15:00 बजे |
| 5. | आवेदन जमा करने की तिथि : 29.01.2026 को 10:00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 6. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 29.01.2026 को 15:00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 7. | आवेदन (बिड) खोलने की तिथि : 29.01.2026 को 15:30 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 8. | स्टेशनों के नाम : जेतुके, कुडनी, भरूर, गोविंदगढ़ खोखर, फकर्सर, मोहनपुरा, ककराला, राय मेहतपुर, भानुपाली, पनोह, पटियाला कैंट, बहावल बस्सी. |

हॉल्ट ठेकेदार के आवंटन से संबंधित सभी निर्देश रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 137/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 23 दिनांक 11.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम - किशोर।
पिता का नाम - श्री प्रभात।
पता - वासी गांव महनसर जिला झुन्झनू राजस्थान हाल गांव महल्हा माजरा जिला सोनीपत हरियाणा ।
उम्र - 55 वर्ष।
कद - 5 फुट 7 ईन्च ।
हुलियाः रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा, काले छोटे बाल, काली आँखे, गोल नाक, सामान्य शरीर है।
पहनावा:- काले रंग की जेकेट, काले रंग की पेंट व रंग के जूते पहने हुए हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 10.01.2026 को किशोर पुत्र श्री प्रभात वासी गांव महनसर जिला झन्झनू राजस्थान हाल गांव महल्हा माजरा जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चला गया है। जो अब तक वापिस नही आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना कुण्डली - 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो० न०- 9518430700
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4353/2026/42051/88/6 दि. 14.01.26

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7467

मनकि रामनिवास पुत्र हुकम सिहं पुत्र छोटूराम, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार खेवट न0 392/339, खाता न0 398, मु0 न0 26, किला न0 11/3(1–16), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 16 मरले का 1/6 भाग, बकदर 0 कनाल 6 मरले व खेवट न0 413/358, खाता न0 419, मु0 न0 26, किला न0 11/4(0–16), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 16 मरले का 1/6 भाग, बकदर 0 कनाल 2.66 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 8.66 मरले (0.054125 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 26, किला न0 11/3 मिन दक्षिण (0–6), 11/4 मिन दक्षिण (0–2.66), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 8.66 मरले (0.054125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

5818

मनकि नन्दकिशोर पुत्र रिजकराम पुत्र शोभाराम, निवासी मकान न0 आर.जेड.डी.–55, गली न0 3, महावीर एन्कलेव पालम, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110045 एवं बिस्वेदार गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22, के अनुसार अराजी खेवट न0 181/153, खाता न0 215, मु0 न0 45, किला न0 9/2(0–8), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 8 मरले का 1/5 भाग, बकदर 0 कनाल 1.6 मरला व खेवट न0 136/111, खाता न0 145, मु0 न0 26, किला न0 27(0–15), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 15 मरले का 1/40 भाग, बकदर 0 कनाल 0.37 मरला, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 1.97 मरला (0.0123125 एकड़) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 26, किला न0 27 मिन पश्चिम (0–0.37), मु0 न0 45, किला न0 9/2 मिन दक्षिण (0–1.6) किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 1.97 मरला (0.0123125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 14.01.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


केंद्र ने कोल लिकेंज मंजूर किया : विज

## खेदड़ के लिए नया कोल ब्लॉक आवंटित होगा

**चंडीगढ़।** सूबे के बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है। राज्य ने ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए बिजली उत्पादन को सुदृढ़ करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने हिसार के खेदड़ में स्थापित किए जा रहे 800 मेगावाट क्षमता के नए बिजली विस्तार यूनिट के लिए कोल लिंकेज निर्धारित कर दी है। प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री विज ने सरकार को झटका लगने और कोल आदि को लेकर चलाई जा रही खबरों को पूरी तरह से निराधार बताया है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि खेदड़, हिसार में स्थित राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट के विस्तार के तहत स्थापित किए जा रहे 800 मेगावाट के नए यूनिट के लिए केंद्र सरकार की शक्ति योजना के तहत हरियाणा को कोल लिंकेज आवंटित कर दी गई है। शीघ्र ही एक नया कोल ब्लॉक आवंटित किया जाएगा।

## माफी और समयपूर्व रिहाई की निगरानी करेगी जेल सुधार समिति : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** जेल सुधारों को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत की सतत निगरानी के अनुरूप कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने ने स्पष्ट कर दिया है कि पहले से गठित उसकी जेल सुधार समिति पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में कैदियों की सजा में छूट और समयपूर्व रिहाई की नीतियों के क्रियान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करेगी। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कैदियों की सजा में छूट और समयपूर्व रिहाई से जुड़े मुद्दों पर स्वत संज्ञान लेते हुए दिशा- निर्देश दिए थे।

फरीदाबाद निगम का मामला

## 12 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारियों को अग्रिम जमानत से इनकार

**चंडीगढ़।** 12 करोड़ से अधिक के भ्रष्टाचार के आरोप में दर्ज मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने फरीदाबाद नगर निगम के दो अधिकारियों को झटका देते हुए अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, सरकारी रिकॉर्ड में जालसाजी और सार्वजनिक धन के गबन जैसे गंभीर आरोपों वाले मामलों में गिरफ्तारी से पहले जमानत पर अत्यधिक सतर्क दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। जस्टिस सुमित गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ लगाए गए आरोप स्वभाव से ही गंभीर और संगीन हैं। किसी लोक सेवक द्वारा किया गया भ्रष्टाचार केवल किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध नहीं होता, बल्कि यह पूरे समाज के खिलाफ अपराध है, जो प्रशासन में जनता के विश्वास को कमजोर करता है। अदालत ने कहा कि इस तरह के अपराध सार्वजनिक प्रशासन की जड़ों पर प्रहार करते हैं और सरकारी संस्थानों में जनता के भरोसे को क्षीण करते हैं। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड के अवलोकन से लोक सेवकों द्वारा आधिकारिक पद का दुरुपयोग का पता चलता है।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा पता : शांति कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल हॉस्पीटल के सामने, अम्बाला कैंट-133001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेनु S/o दीपक कुमार (कर्जदार), हर्ष शर्मा पुत्र दीपक कुमार (सह-कर्जदार), म. नं. 38, वार्ड नं. 03, महावीर कॉलोनी, निकट छोटा हनुमान मंदिर, लाडवा (ग्रामीण भाग 76), कुरुक्षेत्र - हरियाणा-136132 LHAMB00001354468 | रेनु W/o दीपक कुमार के पक्ष में दीपक कुमार द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2221 दिनांक 29.03.2017 के अनुरूप गांव डेरा, लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में स्थित खेवट नं. 259, खसरा नं. 27//8/1/5 में निहित भूमि क्षेत्रफल 0 कनाल 19 मरला का 4/19 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 4 मरला के सभी भाग व हिस्से। | 01-01-2026 रु. 12,03,979/- | 03/01/2025 |
| 2. | रेनु S/o दीपक कुमार (कर्जदार), हर्ष शर्मा पुत्र दीपक कुमार (सह-कर्जदार), म. नं. 38, वार्ड नं. 03, महावीर कॉलोनी, निकट छोटा हनुमान मंदिर, लाडवा (ग्रामीण भाग 76), कुरुक्षेत्र - हरियाणा-136132 LHAMB00001354469 | रेनु W/o दीपक कुमार के पक्ष में दीपक कुमार द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2221 दिनांक 29.03.2017 के अनुरूप गांव डेरा, लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में स्थित खेवट नं. 259, खसरा नं. 27//8/1/5 में निहित भूमि क्षेत्रफल 0 कनाल 19 मरला का 4/19 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 4 मरला के सभी भाग व हिस्से। | 01-01-2026 रु. 7,481.4/- | 03/01/2025 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 15 जनवरी 2026
स्थान : लाडवा

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड


# कुरुक्षेत्र में कांग्रेसियों का मंथन, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प



**कुरुक्षेत्र।** पंजाबी धर्मशाला में संगठन सृजन के तहत कांग्रेस द्वारा हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ की गई। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर हरियाणा एवं उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के अलावा थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा मौजूद रहे। प्रशिक्षण एवं कांग्रेस संदेश के प्रभारी सचिन राव व शशिकांत सोंथिल ने जिलाध्यक्षों को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, अनुशासन, पार्टी की विचारधारा, चुनावी रणनीति और आगामी राजनीतिक चुनौतियों पर विस्तार से मंथन किया। बंद कमरे में दिनभर मंथन चलता रहा।

## नगर निगम चुनानों को लेकर कांग्रेस ने समितियां की गठित

**पंचकूला :** प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र , नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा, सांसद वरुण चौधरी, विधायक चंद्रमोहन व जिला अध्यक्ष संजय चौहान को शामिल किया गया।

**अंबाला :** प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, सांसद वरुण चौधरी, विधायक निर्मल सिंह, चेतन चौहान, एआईसीसी सचिव, जिला अध्यक्ष (शहरी) पवन अग्रवाल,जिला अध्यक्ष (कैंट) परविंदर पाल सिंह,जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) दुष्यंत चौहान सदस्य होंगे।

**सोनीपत :** प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव कुमार दहिया, जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक जयवीर सिंह व अन्य नेता शामिल।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स "टावर ऑफ जस्टिस" के मुख्य भवन में फायर टावर एरिया में लिफ्ट प्रेशराइजेशन डक्ट्स की कवरिंग और जलापूर्ति हेतु टैरेस लेवल रिंग लाइन समेत सत्र न्यायालय कक्ष का परिवर्धन। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 104.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स "टावर ऑफ जस्टिस" में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग में वाटर प्रूफिंग का बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 91.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स "टावर ऑफ जस्टिस" में बहुस्तरीय बेसमेंट पार्किंग का बकाया संरचना कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 415.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में 15 अदद नये कोर्ट रूम, 15 अदद कोर्ट चेम्बर और 15 अदद अहलमद कमरों के निर्माण में बकाया कार्य। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 62.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण। (फायर अलार्म, एलएएन, सीसीटीवी, साउंड ऑडियो/वीडियो, स्टेज लाइट और मोटराइज्ड कर्टेन का प्रावधान केवल)। | 10.01.2026 16.01.2026 | 72.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में कमजोर गवाह न्यायालय के लिए केन्द्र की स्थापना (कमजोर गवाह प्रणाली के लिए अपेक्षित वैद्युत सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 12.01.2026 19.01.2026 | 20.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु प्रसारण-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 12.01.2026 19.01.2026 | 43.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (डेस्कटॉप, लैपटॉप और ऑयल टाइप हीटर का प्रावधान केवल)। | 10.01.2026 16.01.2026 | 3.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव सातरोड (हिसार) में पीएचसी का निर्माण (बकाया वैद्युत सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 12.01.2026 19.01.2026 | 4.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | रेवाड़ी जिले में रेवाड़ी में नई जिला जेल के अतिरिक्त भाग का लैंडस्केपिंग कार्य का विकास (हॉस्पीटल ब्लॉक, कम्यूनिटी हॉल और वार्डर्स हॉस्टल पुरुष)। | 13.01.2026 21.01.2026 | 8.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 11 | सिविल हॉस्पीटल, पंचकूला | सात लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध हेतु विज्ञापन। | 14.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी 36000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रेवाड़ी | गांव बिसोहा में सुरक्षा दीवार। | 13.01.2026 19.01.2026 | 13.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 9812789127 ascorewari2025@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग चरखी दादरी | तालाब, पातुवास, चरखी दादरी की रिटेनिंग वॉल। | 13.01.2026 20.01.2026 | 22.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/42042/I/88/6 दि. 14.01.26




## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल की मौत मामले में ऑटो चालक गिरफ्तार

**पंचकूला।** पंचकूला में हाल ही में सामने आए एक दर्दनाक हिट एंड रन मामले में पंचकूला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पत्नी, जो पंचकूला निवासी हैं ने 10 जनवरी को थाना मनसा देवी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि 9 जनवरी को उनके 87 वर्षीय पति, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कुलवंत सिंह मान को एक ऑटो चालक ने टक्कर मार दी थी। इसमें उनकी मौत हो गई थी। आरोपी की पहचान ओमप्रकाश निवासी जिला चूरू, राजस्थान, हाल निवासी मानव कॉलोनी, सकेतड़ी, चंडीगढ़ के रूप में हुई है।

### हिसार में हत्या नहीं कर पाए तो दोस्तों ने ही मारी थी ओझा को गोली

**गुरुग्राम।** दिल्ली के हिस्ट्रीशीटर मनोज ओझा मर्डर केस में पुलिस ने एक टैक्सी ड्राइवर को अरेस्ट किया है। आरोपी की पहचान पटपड़गंज दिल्ली के रहने वाले लोकेश के रूप में हुई है। लोकेश, मनोज ओझा और उनके दोस्त तनिष को हिसार में एक व्यक्ति की हत्या करनी थी, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए और वापस लौटते समय गुरुग्राम में उनके बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद तनिष ने मनोज ओझा को गोली मार दी और वे फरार हो गए। मनोज खुद ही गाड़ी चलाकर टोल प्लाजा पर पहुंचा और मदद मांगी। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

### स्कॉर्पियो पर स्टंटबाजी करने पर 6 काबू

**गुरुग्राम।** खेड़की दौला एरिया के सेक्टर-85 में स्कॉर्पियो की छत पर सवार होकर डांस करने पर पुलिस ने छह आरोपियों को काबू किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो होने पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों की पहचान हरियाणा के भिवानी निवासी शौकीन (33), मनीष (32), लोकेश (24), सुभाष (39), विकास (29) व हिसार निवासी सलीम (35) के रूप में हुई।

### एमटीपी किट बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज एमटीपी किट बेचने के मामले में पुलिस ने संलिप्त आरोपी इस्माइल खान को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी इस्माइल खान अग्रसेन चौक में किसी मरीज को एमटीपी किट बेचने के लिए खड़ा है। सूचना उपरांत पुलिस दल ने डॉक्टर के साथ मिलकर आरोपी को काबू कर उससे एमटीपी किट बरामद की।

## प्रदेश में 12 साल बाद बारिश को तरस रहे किसान पंपों से सिंचाई से खर्च बढ़ा

## दिसम्बर व आधा जनवरी बिना बारिश के ही बिता, 3 करोड़ यूनिट रोज बढ़ी बिजली की डिमांड, 17 से राहत के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय न होने के कारण दिसम्बर व जनवरी महीना बिल्कुल सूखा ही निकल गया। बारिश न होने से लगातार सूखी ठंड व धुंध पड़ रही है। इस कारण बिजली व पानी की डिमांड बढ़ गई है। ऐसा 12 सालों बाद हुआ है। प्रदेश में पिछले 15 दिनों में करीब 3 करोड़ यूनिट प्रतिदिन बिजली की डिमांड में इजाफा हुआ है। हालांकि अब इस स्थिति में राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग ने दो पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 व 18 जनवरी को आंशिक बादलवाई व एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने तथा 19 जनवरी के बाद राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इसके बाद बिजली व पानी की मांग में कमी आने की संभावना है। इस बार 15 दिसम्बर तक दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। 23 दिसम्बर से धुंध पड़नी शुरू हो गई, जिसके बाद लगातार तापमान में गिरावट आती गई। 23 दिसम्बर से लगातार प्रदेश में धुंध पड़ रही है, जिस कारण ठंड नए रिकॉर्ड बना रही है। जिले का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री से 4 डिग्री के बीच घूमता रहा। ऐसा 12 सालों बाद हो रहा है कि प्रदेश में पूरा दिसम्बर बीत गया और जनवरी के 14 दिन बीत जाने के बावजूद बारिश नहीं हुई। बारिश न होने से रबी की फसलों को पूरी खुराक नहीं मिल पाई। हालांकि गेहूं के लिए धुंध ने खाद का काम किया। अब बरसात होती है तो गेहूं में फुटाव अच्छा होगा और उत्पादन भी काफी बेहतर होगा। इसके विपरीत बरसात न होने से सरसों व चने की फसल में बढ़वार रूक जाती है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ता है।


फतेहाबाद। धुंध के आगोश में गेहूं की फसल।

### बिजली न मिलने से पम्पों से की सिंचाई

दिसम्बर-जनवरी में किसानों को गेहूं में सिंचाई नहीं करनी पड़ती है। बरसात के कारण किसानों को बिजली व पानी दोनों की बचत हो जाती थी। इस बार धुंध पड़ने से खेती के लिए बिजली कम मिली, जिस कारण किसानों ने डीजल से पम्पसेट चलाकर खेतों में सिंचाई की। इससे किसानों की लागत भी बढ़ गई।

### 16 करोड़ बिजली यूनिट की मांग

प्रदेश में 25 दिसम्बर तक 13 करोड़ 50 लाख यूनिट प्रतिदिन बिजली की डिमांड थी। अत्याधिक ठंड पड़ने व बरसात न होने से खेतों में भी सिंचाई के लिए बिजली की जरूरत थी और घरेलू जरूरतों को लेकर बिजली की डिमांड बढ़ी। अब प्रतिदिन प्रदेश में 16 करोड़ यूनिट से अधिक की डिमांड है। डिमांड के अनुसार बिजली सप्लाई की जा रही है।
- **अशोक कुमार**, कार्यकारी अभियंता, डीएचबीवीएन

बीते वर्ष जिले में 4 लाख 57 हजार एकड़ में गेहूं की बिजाई की गई थी। इस बार जिले में 4 लाख 90 हजार एकड़ भूमि में गेहूं की बिजाई हुई है। धुंध गेहूं के लिए बरसात का ही काम कर रही है जबकि किसानों को सरसों में हल्की सिंचाई की जरूरत है। - **डॉ. राजेश सिहाग**, डीडीए, फतेहाबाद

### 16 व 19 को पश्चिमी विक्षोभ होंगे एक्टिव

हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम 16 जनवरी तक खुश्क रहेगा। इस दौरान उत्तरपश्चिम शीत हवाएं चलने से दक्षिण व पश्चिमी हरियाणा के जिलों में कहीं कहीं पाला पड़ सकता है। इस दौरान राज्य में ज्यादातर स्थानों पर अलसुबह व देर रात्रि को हल्की से मध्यम धुंध की संभावना है। लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 16 जनवरी व 19 जनवरी रात्रि को आने की संभावना से मौसम में बदलाव होगा, जिससे 17 व 18 जनवरी को आंशिक बादलवाई व एक दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी होने की संभावना है। 19 जनवरी के बाद राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना बन रही है।

## भिवानी के लोहारी जाटू में शराब का ठेका सवालों में घिरा, पुलिस ने किया सील

# शराब पीने के बाद एक की मौत व पांच अस्पताल में भर्ती, मुंह से निकल रहे थे झाग

- मौत के सही कारणों की तलाश के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार
- आबकारी विभाग की टीम ने भी जांच शुरू की, ठेके में रखी शराब के सैंपल भरे
- शराब ठेके का कारिंदा मौके से फरार, पुलिस ने ठेके के बाहर पड़ी खाली बोतलों को भी कब्जे में लिया


भिवानी। अस्पताल में उपचाराधीन शराब के बाद बिगड़ी हालत में ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मकर संक्राति के दिन गांव लोहारी जाटू में संदिग्ध परिस्थितियों में शराब ठेके के बाहर शराब पीने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग जिंदगी व मौत के बीच झूल रहे हैं। इन्हें गंभीर अवस्था में सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है। दूसरी तरफ मामले की जानकारी मिलते ही बवानीखेड़ा थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव व डीएसपी सिवानी दलीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शराब के ठेके को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि ठेके पर मौजूद कारिंदा फरार है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे के आसपास उनको सूचना मिली कि कुछ युवक शराब के ठेके पास अचेत हालत में हैं। लोग मौके पर पहुंचे तो जितेंद्र पुत्र नृतक जमीन पर पड़ा हुआ था। उसके पास पांच और भी जमीन पर पड़े हुए थे, जिनकी पहचान गांव जाटू लोहारी निवासी 57 वर्षीय कृष्ण, 51 वर्षीय अर्जुन, 45 वर्षीय अनिल, 40 वर्षीय कालू और 40 वर्षीय हरकेश के रूप में हुई है। उनके मुंह से झाग निकल रहे थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### मृत्यु शराब पीने से या कोई अन्य कारण से?

अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि जितेंद्र उर्फ मोनू की मौत शराब पीने से हुई या ठंड या अन्य कोई कारण से हुई। यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जिस हिसाब से लोगों के मुंह से झाग निकल रहे थे, इससे शराब भी पूरी तरह संदेह के घेरे में है। पुलिस ने ठेके के बाहर पड़ी खाली शराब की बोतलों को कब्जे में लिया और ठेके को सील कर दिया। पुलिस खाली बोतलों को अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि इसी दौरान आबकारी विभाग की टीम ने ठेके में रखी शराब के सैम्पल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### मृतक और दाखिल युवकों के मुंह से अल्कोहल की बदबू आ रही थी : सीएमओ

सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि जो लोग अस्पताल में उपचाराधीन हैं, उनके उपचार के लिए अलग से डॉक्टरों की टीम बना दी है। अभी वे होश में नहीं हैं, लेकिन उन सभी के मुंह से शराब या अल्कोहल की बदबू आ रही है। मृतक जितेंद्र के मुंह से भी बदबू आ रही थी। इस बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।



### मरीजों के होश में आने का इंतजार : डीएसपी



पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने बताया कि उनको आज सूचना मिली थी गांव लोहारी जाटू में शराब ठेके के पास एक युवक मृत हालत में पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत शराब के सेवन से हुई है या फिर ठंड की वजह से । यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चला पाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पांच अन्य लोग भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उनके होश में आने के बाद ब्यान दर्ज किए जाएंगे। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा जा रहा है।

## कांग्रेस नेता का मकान तोड़ने पर हंगामा, बुलडोजर के आगे अड़े

### गुरुग्राम में रास्ते से अतिक्रमण हटाओ मुहिम का विरोध


गुरुग्राम। अतिक्रमण को तोड़ती एचएसवीपी की टीम।

- एचएसवीपी की टीम को एक दर्जन से ज्यादा अतिक्रमण पर चलाना था पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर 68 स्थित परेना मी कासा सोसाइटी के पास प्रशासन की रास्ते से अतिक्रमण हटाओ मुहिम को स्थानीय निवासियों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की टीम ने यहां कांग्रेस नेता राजेश यादव के 400 गज के मकान समेत एक दर्जन प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चलाना शुरू किया तो हंगामा हो गया।

कार्रवाई रोकने के लिए महिलाएं और कांग्रेस नेता बुलडोजर के सामने अड़ गए। भारी पुलिस बल उन्हें हटाने में लगी रही। प्रस्तावित सड़क के मार्ग में आने वाले निर्माणों को ढहाने पहुंची टीम को लोगों ने रास्ता रोककर भगाने की कोशिश की। प्रशासन के बुलडोजर को भी लोगों ने रोक दिया। इससे तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। सेक्टर 68 में एचएसवीपी ने कार्रवाई के दौरान प्रभावितों को सामान निकालने का भी कोई मौका नहीं दिया। लोग आनन-फानन में सड़क पर सामान निकालते नजर आए। इस दौरान लोगों व अधिकारियों में बहस होती रही। लोग स्ट्रक्चर का उचित मुआवजा मांग रहे थे।

### पिछले साल भी राजेश की प्रॉपर्टी गिराई थी

राजेश यादव की प्रॉपर्टी पर पिछले साल भी बुलडोजर चलाया गया था। जिसमें करोड़ों खर्च करते तैयार की गई बिल्डिंग को ध्वस्त किया गया था। राजेश यादव ने आरोप लगाया कि उनका पुश्तैनी मकान है और उसे तोड़ने के लिए कोई नोटिस नहीं दिया गया और एक बिल्डर के कहने पर लोगों के मकान गिराए जा रहे हैं।

### सिक्योरिटी एक्ट पोर्टल पर कंप्यूटर लैब अटेंडेंट होंगे दर्ज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 21 सौ कंप्यूटर लैब अटेंडेंट का हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का शिक्षा विभाग के द्वारा किया पत्र जारी किया गया। कम्प्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन 00712 के राज्य प्रधान कर्मजीत संधू ने बताया कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पिछले चौदह वर्षों से अधिक से कार्य कर रहे हैं। जिनका वेतन मात्र 12 हजार रुपये है। जब से हरियाणा सरकार सर्विस सिक्योरिटी एक्ट लेकर आई है तब से कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन प्रयास कर रही थी कि कंप्यूटर लैब अटेंडेंट सर्विस सिक्योरिटी एक्ट के नियमानुसार सीधा एक्ट में कवर हो और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट के बारे शिक्षा विभाग लिखित में दिशा निर्देश जारी करे। उस प्रयास के चलते लिखित आदेश आज जारी हुए हैं। अब सभी कंप्यूटर लैब अटेंडेंट का हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट पोर्टल पर डाटा अपलोड होगा। इन प्रयासों में प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष जसबीर जानी, प्रदेश प्रवक्ता परमजीत श्योराण, संगठन सचिव नवीन ढांडा शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 19 से : देशभर से आएंगे 100 शिल्पकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

पिहोवा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में देश की कला और संस्कृति का अनोखा संगम और रंग देखने को मिलेगा। इस महोत्सव में देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राज्यों के कलाकारों और शिल्पकारों का मेला देखने को मिलेगा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी तक किया जाएगा। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 19 से 23 जनवरी तक रहेंगे और 19 जनवरी को आदिबद्री से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे, 20 से 21 जनवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दो सत्रों में सरस्वती पर तकनीकी सत्र और अंत में पैनल डिस्कशन होगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को राखीगढ़ी में बोर्ड की तरफ से प्रदर्शनी और वर्कशाप को आयोजन सुबह 10 बजे से 5 बजे तक होगा, 22 जनवरी को ही कुनाल में भी 10 बजे से लेकर 5 बजे तक प्रदर्शनी और वर्कशाप का आयोजन किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि 23 जनवरी को पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चारण, 2100 विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, सायं 6 बजे से 8 बजे तक दीप दान, भजन संध्या और सरस्वती आरती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को विशेष पहचान दिलाने के लिए 19 जनवरी से 25 जनवरी तक सरस मेला भी चलेगा। इस सरस मेला में हरियाणा के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिल्पकला के साथ-साथ देश और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब सहित अन्य राज्यों के कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है।

**बदलाव** अफसरशाही के बीच विवाद से बचने के लिए सरकार लाई नई एसओपी

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से पहले लेनी होगी मंजूरी

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

सूबे में जांच एजेंसियां और इनसे जुड़े अधिकारी व कर्मचारी अपनी मनमानी नहीं कर सकेंगे। अब किसी भी श्रेणी के अधिकारी व कर्मचारी पर हाथ डालने से पहले सक्षम अफसर से अनुमति अनिवार्य तौर पर लेनी होगी। हालांकि भ्रष्टाचार में लिप्त और रंगेहाथ रिश्वत लेने वाले दागियों पर कार्रवाई की मुहिम जारी रहेगी।

यहां पर बता दें कि प्रदेश के अंदर कई हाईप्रोफाइल लोगों पर एंटी करप्शन ब्यूरो यानी एसीबी द्वारा हाथ डालने के बाद कई तरह के विवाद व अफसरशाही में भी खींचतान के हालात बन चुके हैं। हालांकि वर्तमान सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम मनोहरलाल खट्टर ने करप्शन के मामलों में एसीबी और जांच एजेंसियों को फ्री हैंड दिया हुआ था। अधिक स्वतंत्रता और ज्यादा पावर को लेकर कई मामलों में विवाद भी हुए और अफसरशाही पुलिस और प्रशासन अलग-अलग दिखाई दिए। कई मौकों पर प्रदेश की आईएएस लॉबी में नाराजगी भी दिखाई दी। कुल मिलाकर अब राज्य की नायब सैनी सरकार की ओर से साफ कर दिया गाय है कि विवाद से बचने के लिए इस बारे में स्पष्ट दिशा निर्देश बनाकर एक एसओपी जारी कर दी गई है। यह मात्र और मात्र नए मामलों में नहीं बल्कि अभी लंबित चले आ रहे मामलो में भी लागू होगी, साथ ही इसमें देखा जाएगा कि कार्रवाई और जांच से पहले सक्षम व्यक्ति अथवा सरकार से अनुमति ली गई थी या नहीं। इस तरह से भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में धारा 17-ए के तहत अनुमति का महत्व रहेगा और जांच एजेंसियों और टीम को नई एसओपी के हिसाब से चलना होगा। सूबे में भ्रष्टाचार के मामलों में एजेंसी की कार्रवाई तेज की जाएगी, इस एसओपी का अर्थ एजेंसियों को ढीले पड़ने के लिए नहीं कहा गया है, लेकिन दागियों पर शिकंजे की मुहिम इस नए साल में तेज नजर आएगी। इस क्रम में रणनीति भी तैयार कर ली गई है। अर्थात चोर रास्ते और सुविधा शुल्क पर नजर रखने वालों की अभी भी खैर नहीं हैं। नए दिशा-निर्देशों और एसओपी में साफ है कि तुरंत ही केस दर्ज नहीं होगा और पहले तथ्यों और पूरे मामले में जांच पड़ताल का काम होगा। इतना ही नहीं अनुमति लेनी भी अनिवार्य कर दी गई है।

### कोई भी श्रेणी हो, सभी के लिए नियम




सरकारी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सीधी जांच, पूछताछ और केस दर्ज नहीं होगा। सबसे पहले सक्षम अफसर व अथॉरिटी की मंजूरी लेनी होगी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत सबसे पहले जांच पड़ताल होगी। नई एसओपी के क्रम में जांच की पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध बना दिया है। पहले शिकायत या सूचना का परीक्षण होगा और बाद में तय किया जाएगा कि मामला धारा 17ए के दायरे में आता है या नहीं। बाद में संबंधित अधिकारी से लिखित रूप में अनुमति मांगी जाएगी। मंजूरी होने की सूरत में ही जांच और पूछताछ जैसे कदम उठाए जाएंगे। यह भी तय किया है कि एक ही खिड़की के जरिए प्रस्ताव प्राप्त किए जाएंगे ताकि फाइलें इधर-उधर न भटकें।

### तीन माह में लेना होगा फैसला

मंजूरी देने वाली अथॉरिटी के लिए भी समय सीमा दी गई है। सामान्य तौर पर 3 माह के अंदर अंदर फैसला लेना होगा। खास हालात में एक महीने और बढ़ाया जा सकता है, लेकिन लिखित कारण दर्ज कराना होगा। एसओपी में साफ किया गया है कि मंजूरी कौन देगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जांच कौन कर रहा है। अगर मामला हरियाणा स्टेट विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो देख रहा है, तो मंजूरी को 'सरकार' माना जाएगा। अधिकारियों के मामलों में विजिलेंस को पहले मुख्य सचिव से मंजूरी लेनी होगी। अगर कोई अन्य एजेंसी जांच कर रही है, तो संबंधित अधिकारी के प्रशासनिक विभाग को ही सक्षम प्राधिकारी माना जाएगा। तृतीय और चौथी श्रेणी पर भी नजर रखने के आदेश। नई एसओपी में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी यानी ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों के मामलों में यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। हालांकि, विभाग अपने स्तर पर अधिकार सौंप सकते हैं, लेकिन जवाबदेही पूरी तरह प्रशासनिक विभाग की ही रहेगी। नए मामलों पर ही नहीं, बल्कि उन सभी लंबित मामलों पर भी लागू होगी, जिनमें अब तक धारा 17ए के तहत अनुमति नहीं ली गई है।

## इनेलो के नप चेयरमैन की फोटो पर पोती कालिख

- चेयरमैन ने पुलिस में शिकायत दी, खंगाल रहे सीसीटीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

नगर परिषद द्वारा बनाए गए बस शेल्टरों पर इनेलो के नगर परिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा की फोटो पर कालिख पोतने का मामला सामने आया है। शहर में हाल ही में बनाए गए बस शेल्टरों पर 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत 'स्वच्छ डबवाली स्वच्छ हरियाणा' का नारा लिखा गया है। इन शेल्टरों पर एक ओर नगर परिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा और दूसरी ओर वाइस चेयरमैन अमनदीप बांसल की तस्वीरें लगी हैं।

चौटाला रोड स्थित सरकारी अस्पताल के बाहर बने एक बस शेल्टर पर शरारती तत्वों ने केवल चेयरमैन छाबड़ा की तस्वीर पर कालिख पोती, जबकि वाइस चेयरमैन की तस्वीर और अन्य शेल्टरों की तस्वीरें सुरक्षित हैं। घटना को लेकर शहर में चर्चा है कि यह किसी व्यक्तिगत रंजिश या राजनीतिक द्वेष का परिणाम हो सकता है। नगर परिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा ने कहा कि उन्होंने किसी के साथ कोई गलत नहीं किया और न ही किसी से रंजिश है। उन्होंने बताया कि पुलिस को शिकायत दी गई है और जांच जारी है। कुछ सीसीटीवी फुटेज में तस्वीर साफ नहीं आ रही, लेकिन पुलिस और पार्टी कार्यकर्ता मिलकर आरोपी का पता लगाने में जुटे हैं। बाद में फोटो पर अखबार लगाकर उसे ढक दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर डबवाली से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल भी मौके पर पहुंचे।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर सुनवाई


# कलकत्ता हाईकोर्ट से लगा ममता सरकार को झटका, अदालत ने उनकी याचिका खारिज की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने ईडी के इस बयान को रिकॉर्ड किया कि उसने 8 जनवरी को फर्म के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर और ऑफिस से कुछ भी जब्त नहीं किया था। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू कहा कि एजेंसी ने जो कुछ भी अपने कब्जे में लिया था, उसे सीएम ममता ले गईं।

**टीएमसी को डेटा सुरक्षा चाहिए**

### ईडी ने कहा- कुछ भी जब्त नहीं किया



## ईडी का दावा: अदालतों ने इसे संज्ञेय अपराध माना था

9 जनवरी को ईडी ने दावा किया है कि इस घटना में राज्य के सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व की सीधी भागीदारी थी और पुलिस बल का दुरुपयोग किया गया। एजेंसी ने आग्रह किया है कि वह सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और मुख्यमंत्री सहित सभी संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दे। सीबीआई की जांच जरूरी है, क्योंकि कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने लगातार यह माना है कि जहां राज्य में ऊंचे और शक्तिशाली लोग संज्ञेय अपराधों को करने में शामिल होते हैं, वहां जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर दी जानी चाहिए। ईडी ने जबरदस्ती ले गए सभी डिजिटल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड, स्टोरेज मीडिया और दस्तावेजों को तत्काल जब्त करने, सील करने, की मांग की थी। फोरेंसिक संरक्षण और ईडी की कानूनी हिरासत में वापस करने की भी मांग की थी।

### यहां आसमां नहीं फटने वाला फिलहाल रोक दीजिए सुनवाई

सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने आई- पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर हो रही छापेमारी के दरमियान नाटकीय तौर पर एंट्री की थी और सरकारी काम में बाधा डाला। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रेड वाली जगहों पर गईं और अहम सबूत ले गईं। दूसरी तरफ, ममता की तरफ से दावा किया गया कि ईडी के छापे अवैध थे और जांच एजेंसी ने सारी सीमएं लांघ दी थी। इस दौरान टीएमसी ने ईडी द्वारा जब्त किये गये चुनाव संबंधी उसके डाटा की सुरक्षा के लिए अदालत से गुहार लगाई।

### सुनवाई स्थगित करने का किया अनुरोध

ईडी ने उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका का हवाला देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। ईडी की तरफ से पेश हुए राजू ने कोर्ट को बताया कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। इसलिए हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई न करे। उन्होंने दलील दी, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में आ सकता है।

### बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के समकक्षों के साथ की द्विपक्षीय बैठकें

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 28वें सीएसपीओसी के अध्यक्ष के रूप में बुधवार को नई दिल्ली स्थित लाल किले के संगीति सम्मेलन कक्ष में सीएसपीओसी की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पूर्व प्रतिनिधिमंडलों को लाल किले का निर्देशित भ्रमण कराया गया तथा बैठक के पश्चात विशेष रूप से तैयार प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी आज प्रातः 10.30 बजे संसद भवन परिसर स्थित ऐतिहासिक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल के पीठासीन अधिकारियों और सभापतियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

**मोदी आज 28वें सीएसपीओसी का उद्घाटन करेंगे**

### आज से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जापान के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चिंताजनक हालात के बीच गुरुवार से जापान के विदेश मंत्री टी. मोटेगी भारत की तीन दिवसीय (15 से 17 जनवरी तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत पहुंचने के बाद शुक्रवार को जापान के विदेश मंत्री की राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और साझा हितों से जुड़े हुए अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अगले दिन शनिवार को वह राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और फिर दिल्ली मेट्रो की यात्रा करेंगे। इसी के साथ जापान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा समाप्त हो जाएगी।



**अहमदाबाद।** यहां उत्तरायण उत्सव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पतंग उड़ाते हुए।

### उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची से गायब हुए 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम, चुनाव आयोग जवाब दे: संजय

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची में 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम गायब होने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से पारदर्शिता और रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है। संजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में लगभग 4.5 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पर गंभीर सवालों के घेरे में आती है। संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश से 4.5 करोड़ वोट हटा दिए गए। राज्य चुनाव आयोग ने दिसंबर में होने वाले नगर निगम और ग्राम पंचायत चुनावों के लिए मतदाताओं की एक सूची जारी की है, जिसमें कुल 17 करोड़ मतदाता हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ज्ञानेश कुमार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर विधानसभा चुनावों के लिए एक और सूची जारी की है, जिसमें ग्रामीण और शहरी मतदाताओं को मिलाकर कुल 12 करोड़ 55 लाख मतदाता हैं।


**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
कमरा संख्या 210, SAI-मुख्यालय भवन, SAI-मुख्यालय,
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूर्वी द्वार संख्या 10)
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

फाइल संख्या: ए/7/2025- भर्ती प्रकोष्ठ
**भारतीय खेल प्राधिकरण संविदा आधार पर वरिष्ठ प्रमुख (खेल विज्ञान) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।**
वा मागले एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), वरिष्ठ लीड (खेल विज्ञान) के 01 पद पर संविदा आधार पर अधिकतम 04 वर्षों की अवधि के लिए पात्र, योग्य और प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण और अन्य जानकारी एसएआई की वेबसाइट http://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदन करने की समय सारिणी नीचे दी गई है:-
i. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि: 02.01.2026 (सुबह 10:00 बजे)
ii. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 01.02.2026 (शाम 05:00 बजे)
(उपनिदेशक)
(मानव संसाधन विभाग-11)
(भाखेप्रा मुख्य कार्यालय)
CBC 47103/12/0016/2526


### प्रयागराज से गंगासागर तक उल्लास



**देशभर में मकर संक्रांति व पोंगल की धूम**

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति और पोंगल पर पूरे देश में उल्लास रहा। संगम नगरी प्रयागराज से लेकर हरिद्वार की हरकी पौड़ी तक में गंगा स्नान और आस्था की डुबकी लगाकर लोगों ने पावन पर्व की शुरुआत की। यहां लाखों लोगों ने डुबकी लगाई। पतंगों से सजे आसमान ने पूरे देश में इस पर्व की रौनक बढ़ा दिया।

### देशी पशुधन किसानों की समृद्धि एवं कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ : शिवराज

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित ए. पी. शिंदे ऑडिटोरियम में पशु नस्ल पंजीकरण प्रमाणपत्र एवं नस्ल संरक्षण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जानवरों की इकोलॉजिकल अहमियत और भारत की देसी जानवरों की नस्लों को बचाने के लिए मिलकर काम करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि जानवरों के साथ भारत का रिश्ता सिर्फ़ आर्थिक या न्यूट्रिशन से जुड़ा नहीं है, बल्कि असल में इकोलॉजिकल है। उन्होंने कहा, "यह बैलेंस का रिश्ता है। इस बैलेंस में किसी भी तरह की गड़बड़ी का सीधा असर पर्यावरण और आखिर में, धरती की भलाई पर पड़ता है।" उन्होंने देसी नस्लों को बचाने के लिए देश भर में काम कर रहे साइंटिस्ट, इंस्टीट्यूशन और किसान समुदायों की बहुत तारीफ की। चौहान ने कहा, "उनकी कोशिशें जानवरों को बचाने से कहीं आगे हैं। वे बायोडायवर्सिटी की रक्षा कर रहे हैं, गांवों की रोजी-रोटी को मजबूत कर रहे हैं और सस्टेनेबल खेती के भविष्य को सुरक्षित कर रहे हैं।" देसी जानवरों की नस्लों को बचाने के लिए 2019 में शुरू की गई नेशनल पहल का ज़िक्र करते हुए, मंत्री ने इसे एक अहम और तारीफ़ के काबिल कदम बताया।

### राहुल के साथ नेतृत्व परिवर्तन पर नहीं हुई कोई बात

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को साफ किया कि मंगलवार को जब उनकी राहुल गांधी के साथ बात हुई थी, उसमें कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। दरअसल राहुल गांधी, जब मंगलवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे थे तो शिवकुमार उनसे अकेले में बातचीत करते नजर आए थे। जिसके बाद फिर से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कयास शुरू हो गए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता, हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। ये सब बातें सार्वजनिक तौर पर नहीं की जा सकतीं। नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कोई बात नहीं हुई। राहुल ने हमें अच्छा काम करने के लिए कहा और हम उसी हिसाब से काम करेंगे।



### राहुल ने सिद्धारमैया-शिवकुमार को दिल्ली बुलाया

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच खींचतान का अभी भी अंत नहीं हुआ है। अब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया है। हालांकि अभी तारीख तय नहीं हुई है। कर्नाटक में सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच लंबे समय से कुर्सी को लेकर खींचतान जारी है। बीते दिनों भी दोनों नेता दिल्ली गए थे, लेकिन उस समय भी कोई फैसला नहीं हो सका था। दोनों नेता हालांकि सार्वजनिक तौर पर किसी भी मतभेद से इनकार करते हैं और मीडिया पर इसे लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हैं, लेकिन जिस तरह से दोनों नेता दिल्ली के चक्कर लगा रहे हैं।

#### नीति आयोग का निर्यात तैयारी सूचकांक

### निर्यात की तैयारी मामले में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष 5 राज्यों में, महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश ने नीति आयोग के 'निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई) 2024' में मजबूत स्थिति दर्ज कराते हुए देश के शीर्ष 5 बड़े राज्यों में जगह बना ली है। नीति आयोग के इस व्यापक मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश निर्यात तत्परता और प्रदर्शन के मामले में चौथे स्थान पर रहा है। यह रिपोर्ट देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता को परखने के साथ-साथ उनके बीच 'प्रतिस्पर्धी संघवाद' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें राज्यों का प्रदर्शन देखा जाता है। सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम के अनुसार महाराष्ट्र 68.01 के स्कोर के साथ बड़े राज्यों की श्रेणी में पहले पायदान पर रहा है। तमिलनाडु दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर काबिज है। उत्तर प्रदेश ने चौथा स्थान हासिल किया है।आंध्र प्रदेश पांचवें स्थान पर रहा। इसमें 'लीडर्स', 'चैलेंजर्स' और 'एस्पिरेंट्स' जैसी श्रेणियों में बांटा गया है। छोटे राज्यों, उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर दूसरे और नगालैंड तीसरे स्थान पर रहे हैं।




## चिंतन

# दुनिया में गंभीर संकट पैदा कर रहे ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में बिगड़ते हालात (आर्थिक संकट, सरकार विरोधी प्रदर्शन और हालिया इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद की स्थिति) दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहे हैं, क्योंकि इससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे एक बड़े टकराव की आशंका पैदा हो गई है, खासकर अमेरिका और इजराइल के साथ। इस बीच भारत ने भी ईरान में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर कहा कि जो भी भारतीय नागरिक, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी हों या पर्यटक, इस समय ईरान में हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकल जाना चाहिए। सभी भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए। विरोध प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। ईरान की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि ईरान कमजोर हुआ है और आंतरिक असंतोष के बीच सरकार दबाव में है, जबकि बाहरी शक्तियां हस्तक्षेप की फिराक में हैं, जिससे स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। किसी भी छोटी सी चूक से क्षेत्र में बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है और विश्वभर में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। ईरान में अमेरिका के दखल के बाद से हालात और पेचिदा हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्रुथ सोशल पर ईरानी प्रदर्शनकारियों से कहना कि मदद रास्ते में है। ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखिए। हत्यारों और अत्याचारियों के नाम सुरक्षित रखिए। वे इसकी भारी कीमत चुकाएंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के गंभीर मायने हैं। इससे दुनिया में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका के करीबी तीन खाड़ी अरब देश सऊदी अरब, कतर और ओमान ईरान पर किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ये डिप्लोमैटिक लेवल पर सक्रिय हैं, क्योंकि ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। हालांकि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई का प्लान फिलहाल होल्ड पर रख दिया है, लेकिन अमेरिकी सेना को तैयार रहने के लिए कहा गया था, ताकि आदेश मिलते ही तुरंत एक्शन लिया जा सके। अब सवाल यह है कि अमेरिका आखिर चाहता क्या है। क्योंकि ट्रंप दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे। अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है तो वह कतर से ईरान को निशाना बना सकता है। चूंकि कतर को मध्य पूर्व में अमेरिका का अहम सैन्य साझेदार माना जाता है। यहां स्थित अल उदीद एयर बेस अमेरिका का सबसे बड़ा और रणनीतिक सैन्य अड्डा है, जहां 10 हजार से ज्यादा अमेरिकी सैनिक, आधुनिक फाइटर जेट और ड्रोन तैनात हैं। इसके अलावा पाकिस्तान भी हमले के लिए अमेरिका को अपना एयरबेस देने के लिए तैयार है। इस तरह के हालात डरावने हो सकते हैं। निश्चित रूप से युद्ध जैसी स्थिति के परिणाम दुनिया के लिए गंभीर खतरा होंगे। ईरान में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है। एक अधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान में अब तक करीब 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है, लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। अब ईरान सरकार जल्द से जल्द आर्थिक सुधार लागू करे और साथ ही धार्मिक कट्टरता कम करके उदार और प्रगतिशील साथियों की मदद ले, उसी से पूंजीवादी गिद्धों को दूर रखा जा सकेगा और बाहरी ताकतों को रोककर देश में शांति व्यवस्था को कायम किया जा सकेगा।

# भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से होता विस्तार



ऊर्जा नीति
रोहित माहेश्वरी

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। अब भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी।

मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की सौर ऊर्जा क्षमता में पिछले दशक में उल्लेखनीय रूप से विस्तार हुआ है। विशाल सौर पार्कों से लेकर शहरों, कस्बों और गांवों की नीली छतों तक, हर जगह सोलर पैनल नजर आते हैं। सिर्फ एक दशक पहले, भारत का सौर ऊर्जा परिदृश्य अपनी प्रारंभिक अवस्था में था, जहां सोलर पैनल केवल कुछ छतों और रेगिस्तानों में ही दिखते थे। आज, देश इतिहास रचने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। असल में, नवीकरणीय ऊर्जा देश की जलवायु रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारत में सौर ऊर्जा का तेजी से विस्तार होना एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, जो वर्ष 2014 में मात्र 3 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2025 में लगभग 129 गीगावाट तक पहुंच गई है। इसमें ग्राउंड-माउंटेड प्रोजेक्ट, रूफटॉप सोलर, हाइब्रिड सिस्टम और ऑफ-ग्रिड इंस्टॉलेशन शामिल हैं। बड़े सौर पार्कों के साथ-साथ लाखों घरों पर लगे रूफटॉप सिस्टम अब बिजली पैदा कर ग्रिड में ऊर्जा पहुंचा रहे हैं। दरअसल, भारत उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कर्क रेखा कई राज्यों से होकर गुजरती है। इससे देश में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय महाद्वीप की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 748 गीगावाट है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देश की सबसे अधिक सौर ऊर्जा क्षमता है, जो उन्हें भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रमुख चालक बनाती है। चूंकि सौर ऊर्जा अब भारत के ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है तथा भारत को वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता जुलाई 2025 तक 4,000 प्रतिशत बढ़ गई थी और देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 227 गीगावाट तक पहुंच गई थी। जम्मू-कश्मीर का पल्ली गांव एक उल्लेखनीय उदाहरण बन गया, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने के कारण भारत की पहली कार्बन-न्यूट्रल पंचायत के रूप में उभरा। भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। देश में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु शीर्ष सौर उत्पादक राज्यों में शामिल हैं, जिनमें राजस्थान की सौर क्षमता अत्यधिक है तथा वहां निरंतर विस्तार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। पीएम सूर्य घर मिशन, नवीकरण ऊर्जा और नेट-जीरो उत्सर्जन की ओर भारत के प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। 13 फरवरी 2024 को मंत्रिमंडल की मंजूरी के साथ शुरू की गई इस योजना का कुल खर्च 75,021 करोड़ रुपये है। इसका मकसद एक करोड़ घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली देना है, जिससे हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। यह योजना नवीकरण ऊर्जा स्रोत अपनाने को बढ़ावा देती है, जिससे भारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के वादे को समर्थन मिलता है। दिसंबर 2025 तक, 23.9 लाख घरों में पहले ही 7 जीडब्ल्यू स्वच्छ ऊर्जा की स्थापित क्षमता के साथ रूफटॉप सोलर लगाए जा चुके हैं और पीएम सूर्य घर के तहत 13,464.6 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है, जिससे यह योजना 1 करोड़ सौर ऊर्जा आधारित घरों के अपने लक्ष्य को पाने की राह पर है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक सब्सिडी योजना के तहत लगभग 24 लाख घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगे हैं। पीएम-कुसुम योजना किसानों को डीजल के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने में सहायता करती है। सरकार बिजली ग्रिड से जुड़े बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए 'सोलर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास' नामक एक योजना चला रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 के बाद भारत की सोलर पीवी सेल बनाने की क्षमता लगभग 21 गुना बढ़ गई है। मध्य प्रदेश स्थित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क, एशिया के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पार्कों में से एक है, जिसकी नियोजित क्षमता 600 मेगावाट है। इसकी लागत 330 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार 49.85 करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान करेगी। सौर ऊर्जा की बढ़त से भारत की कोयले पर निर्भरता कम हो गई है। हालांकि थर्मल और अन्य गैर-नवीकरणीय स्रोतों से अब भी कुल क्षमता का आधे से ज्यादा हासिल होता है। सौर ऊर्जा अब कुल ऊर्जा में 20 फीसदी से अधिक का योगदान करती है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि तो है लेकिन इसके साथ एक चुनौती भी है। बेशक यह इस्तेमाल में साफ यानी प्रदूषण मुक्त है, लेकिन अगर सही तरीके से प्रबंधन न किया जाए तो सोलर पैनल पर्यावरण के लिए खतरा बन सकते हैं। सोलर पैनल का ज्यादातर हिस्सा रिसाइकल किया जा सकता है। इनमें कांच, एल्युमिनियम, चांदी और पॉलिमर होते हैं। लेकिन इनमें थोड़ी मात्रा में ही मौजूद सीसा और कैडमियम जैसी जहरीली धातुओं को अगर ठीक तरीके से संभाला न जाए तो ये मिट्टी और पानी को प्रदूषित कर सकती हैं। आमतौर पर सोलर पैनल लगभग 25 साल तक चलते हैं, उसके बाद उन्हें हटाकर फेंक दिया जाता है। फिलहाल भारत में सौर कचरे को रिसाइकल करने के लिए अलग से कोई बजट नहीं है और पुराने पैनलों को प्रोसेस करने के लिए कुछ छोटे-छोटे केंद्र ही हैं। भारत के पास सौर कचरे का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। एक अध्ययन के मुताबिक 2023 तक लगभग 1 लाख टन और 2030 तक 6 लाख टन तक सौर कचरा पैदा हो सकता है। अभी यह मात्रा कम है, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि कचरे का असली बोझ आगे आने वाला है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के एक नए अध्ययन के मुताबिक, भारत में 2047 तक 1.1 करोड़ टन से ज़्यादा सौर कचरा पैदा हो सकता है। इसे सुरक्षित रूप से ठिकाने लगाने के लिए लगभग 300 विशिष्ट रीसाइक्लिंग केंद्र चाहिए होंगे और अगले दो दशक में करीब 47.80 करोड़ डॉलर का निवेश करना होगा। संभावित खतरों को देखते हुए भारत में 2022 में सोलर पैनलों को ई-वेस्ट नियमों के तहत लाया गया। इससे अब यह निर्माताओं की जिम्मेदारी है कि पैनलों की उम्र पूरी होने पर वे (निर्माता) उन्हें इकट्ठा करें, स्टोर करें, तोड़ें और रिसाइकल करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत की सौर ऊर्जा की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे लक्षित नीति, प्रौद्योगिकी नवाचार और रणनीतिक सहयोग किसी देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं। असल में सौर ऊर्जा न केवल भारत के नवीकरण ऊर्जा मिश्रण की रीढ़ बन गई है, बल्कि सतत आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और क्लाइमेट लीडरशिप के लिए अहम कारक है। अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस और ओएसओडब्ल्यूओजी जैसी पहलों के जरिए वैश्विक भागीदारी के साथ बड़े पैमाने पर योजनाओं पर अमल के साथ, भारत यह दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा एक घरेलू समाधान और वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा प्रगति का जरिया, दोनों हो सकती है। जैसे-जैसे भारत अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है, नवाचार को बढ़ावा दे रहा है और सबको साथ लेकर चलने वाली पहुंच मुमकिन बना रहा है, यह एक मजबूत, निम्न-कार्बन वाले भविष्य की ओर एक साफ रास्ता बना रहा है-दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों तरह के जलवायु लक्ष्यों को पाने के लिए जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अंगीठी का दंश
मनोज कुमार अग्रवाल




# घर-घर में साइलेंट किलर जरा सी चूक जीवन पर भारी

इन दिनों देश के अनेक भागों में कड़ाके की ठंड पड़ने से तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। ऐसे में ताप के लिए चंद लोग कमरों में अंगीठी जलाकर सोने के कारण जहरीला धुआं चढ़ने से मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग बिना वेंटिलेशन वाले बाथरूम में गैस गीजर के इस्तेमाल से आक्सीजन कम होने पर जान गंवा देते हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों से हर कुछ महीनों में एक जैसी खबरें सामने आती हैं। बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से निकली जहरीली गैस, दम घुटना और फिर अचानक बाथरूम में नहाने वाले की मौत हो जाना। ये खबरें चौंकाती जरूर हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद भुला दी जाती हैं। यही भूल सबसे खतरनाक है। क्योंकि गैस गीजर कोई अचानक खराब होने वाली मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा खामोश खतरा है, जो जरा सी लापरवाही पर जान ले सकता है। आपको पता हो कि कमरे में लकड़ी या कोयले की अंगीठी जलाकर रखने से 'ऑक्सीजन' की कमी हो जाती है और 'कार्बन मोनोआक्साइड' सीधे दिमाग पर असर डालती है, जो सांस के जरिए पूरे शरीर में फैल जाती है। इससे शरीर में ' हीमोग्लोबिन' कम हो जाने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह बाथरूम में गैस गीजर चलाने पर भी आक्सीजन कम हो जाती है और कई लोग हर साल जान गंवा देते हैं। कुछ दुखद घटनाओं की बानगी देखिए 22 दिसंबर को यूपी के पीलीभीत में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले गुरुकुल पुरम में बाथरूम में गैस गीजर का प्रयोग करने के कारण ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से डीआरडीए के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ। नहाते समय पत्नी का दम घुटने पर पति उन्हें बचाने के लिए पहुंचा, लेकिन वह भी चपेट में आ गया और दोनों की मौत हो गई। 2 जनवरी को पंजाब के शिवसेना नेता दीपक कंबुज की 22 वर्षीय पुत्री मुनमुन की बाथरूम में दम घुटने से मौत हो गई। 27 दिसम्बर, 2025 को 'छपरा' (बिहार) में ठंड से बचने के लिए एक कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 बच्चों और उनकी नानी की दम घुटने से मृत्यु हो गई तथा परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। इस घटना में मारे गए तीनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन थे जो सर्दी की छुट्टियों में ननिहाल आए हुए थे 31 दिसम्बर, 2025 को 'गयाजी' (बिहार) के 'कुर्किहार' गांव में कमरे के भीतर ठंड से बचने के लिए दरवाजा और खिड़की बंद करके अंगीठी जला कर सो रहे 'सुजीत कुमार' और 'अंशु कुमारी' नामक भाई-बहन तथा उनकी नानी 'मीना देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में 'गुरमीत सिंह' तथा उनकी पत्नी 'जसबीर कौर' की ठंड से बचने के लिए जला कर कमरे में रखी लकड़ियों की गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई। 8 जनवरी, 2026 को ही 'पटौदी' (हरियाणा) में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी सुलगा कर सोना एक श्रमिक के परिवार पर आफत बन कर टूटा तथा दम घुटने से एक 11 वर्षीय बच्ची की मृत्यु एवं परिवार के 3 अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। 9 जनवरी, 2026 को 'हजारीबाग' (झारखंड) के 'बानादाग' गांव में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे दम्पति की दम घुटने से जान चली गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'कोडरमा' (झारखंड) के 'पूरना नगर' में ठंड से बचने के लिए बंद कमरे में कोयला जलाकर सो रहे पति-पत्नी 'वीरेंद्र शर्मा' और 'कांति देवी' की दम घुटने से मौत हो गई। 9 जनवरी, 2026 को ही 'उत्तर काशी' (उत्तराखंड) के 'चाम्पकोट' में कमरे में जल रही अंगीठी की गैस के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से बीमार हो गया। 10 जनवरी, 2026 को 'आरा' (बिहार) के 'छोटकी सिंगरी' गांव में एक कमरे में अपने माता-पिता और बहन के साथ ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे 12 वर्षीय बच्चे 'बजरंगी सिंह' की मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और बहन गंभीर रूप से बीमार हो गए। और अब 11 जनवरी, 2026 को 'तरनतारन' (पंजाब) में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सो रहे' अर्शदीप सिंह' (20), उसकी पत्नी' जशनदीप कौर' (19) तथा 2 महीने के मासूम बेटे 'गुरबाज सिंह' की दम घुटने से मौत हो गई और 'अर्शदीप सिंह' का साला 'किशन सिंह' बेहोश हो गया। उक्त सब घटनाओं का सबक यही है कि बंद कमरे में अंगीठी नहीं जलानी चाहिए और यदि जलानी ही पड़े तो सोने से पहले उसे बुझा देना चाहिए ताकि धुआं पैदा न हो। स्थानीय प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं को भी चाहिए कि इस बारे लोगों को जागरूक करे, ताकि इस तरह की दर्दनाक और असामयिक मौतों से बचा जा सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदाहरण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## अर्जुन को विद्या पर था घमंड, शिवजी ने तोड़ा था



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का प्रसंग है। कोरव और पांडवों का युद्ध तय हो गया था। दोनों ही पक्ष युद्ध की तैयारियां कर रहे थे। उस समय अर्जुन ने एक पर्वत पर देवराज इंद्र से दिव्यास्त्र पाने के लिए तप किया। देवराज इंद्र प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि मुझसे दिव्यास्त्र लेने से पहले तुम्हें शिव जी को प्रसन्न करना होगा। इंद्र देव की बात मानकर अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न करने तप शुरू कर दिया। जिस जगह अर्जुन तप कर रहे थे, वहां एक दिन एक जंगली सूअर आ गया। सूअर एक मायावी दैत्य था। अर्जुन ने जैसे ही जंगली सूअर को देखा, उन्होंने अपने धनुष पर बाण चढ़ा लिया। तभी वहां किरात वनवासी पहुंच गया। किरात वनवासी कोई और नहीं, बल्कि शिवजी ही थे, जो वेष बदलकर आए थे। वनवासी ने अर्जुन को बाण चलाने से रोक दिया और कहा कि ये मेरा शिकार है। ये बात सुनने के बाद भी अर्जुन ने तीर सूअर की ओर छोड़ दिया। वनवासी ने भी उसी समय बाण छोड़ दिया। अर्जुन और वनवासी के बाण एक साथ उस सूअर को लगे। सूअर तो मर गया, लेकिन इन दोनों के बीच विवाद होने लगा। ये विवाद युद्ध तक पहुंच गया। युद्ध के बीच में वनवासी का एक बाण अर्जुन को लग गया। इसके बाद अर्जुन ने कुछ देर के लिए युद्ध रोका और मिट्टी का एक शिवलिंग पूजा की। पूजा में जो माला अर्जुन ने शिवलिंग पर चढ़ाई थी, वह उस वनवासी के गले में दिखाई देने लगी। ये देखकर अर्जुन समझ गए कि ये स्वयं शिव जी ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मकर संक्रांति और संस्कृति

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, सामाजिक सहभागिता और लोकजीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह वह समय है जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है और प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पर्व से जुड़ी पतंगबाज़ी की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसने समय के साथ स्वयं को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी आयामों को भी अपने भीतर समाहित किया है। आज पतंग उड़ाना सिर्फ छतों पर खड़े होकर डोर खींचने का खेल नहीं, बल्कि सामूहिक उत्सव, मानसिक प्रसन्नता और शारीरिक सक्रियता का प्रतीक बन चुका है।

*-गिरीश देवांगन, दुर्ग*

## करंट अफेयर


# मेरी किताब लोगों को जुड़ने को करेगी प्रेरित : पद्मा लक्ष्मी



भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन हस्ती और पाक कला विशेषज्ञ पद्मा लक्ष्मी ने कहा कि अमेरिका में मौजूदा वक्त 'अंधकारमय' है और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी नयी किताब ऐसे समय में अलग-अलग समुदायों के लोगों को एक-दूसरे के प्रति जिज्ञासा जगाने, संवाद करने और जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह दौर शायद और भी 'अंधकारमय हो जाएगा', फिर अंत में रोशनी की किरण दिखाई देगी। पाक कला पर लक्ष्मी की नवीनतम पुस्तक 'पद्माज़ ऑल अमेरिकन : टेल्स, ट्रेवल्स, एंड रेसिपीज़ फ्रॉम टेस्ट द नेशन एंड बियॉन्ड' अमेरिका की समृद्ध पाक कला और प्रवासी विविधता का संग्रह है। अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रवासियों के विरोध की बढ़ती भावना के समय में, लक्ष्मी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी नयी पुस्तक लोगों में अन्य समुदायों के प्रति जिज्ञासा जगाएगी और उन्हें अन्य संस्कृतियों और देशवासियों से जुड़ने तथा संपर्क स्थापित करने में सक्षम बनाएगी। लक्ष्मी ने पिछले महीने यहां 'एशिया सोसाइटी' में 'द कल्चर ट्री' के साथ साझेदारी में आयोजित एक वार्ता के दौरान कहा, 'हमारा देश इस समय एक बहुत ही अंधकारमय दौर से गुजर रहा है और मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि प्रकाश वापस आने से पहले शायद यह और भी अंधकारमय होगा।'

## ऑफ बीट

# प्लास्टिक कप से निकल सकते हैं माइक्रोप्लास्टिक के कण



एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि प्लास्टिक या प्लास्टिक-लाइनिंग वाले कॉफी कप के गर्म पेय के संपर्क में आने पर बड़ी संख्या में माइक्रोप्लास्टिक कण निकल सकते हैं, जो सीधे पेय में मिल जाते हैं। शोध के अनुसार, तापमान माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन का सबसे अहम कारण है और कप की सामग्री इसमें निर्णायक भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे पेय का तापमान बढ़ता है, प्लास्टिक से सूक्ष्म कणों के निकलने की दर भी बढ़ जाती है। अध्ययन में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में हर साल लगभग 1.45 अरब सिंगल-यूज हॉट बेवरेज कप इस्तेमाल किए जाते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह संख्या करीब 500 अरब प्रतिवर्ष है। यह संख्या अधिक भी हो सकती है। इतने बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण संभावित स्वास्थ्य जोखिम भी व्यापक हो सकते हैं। शोधकर्ताओं ने पहले 30 अध्ययनों का विश्लेषण किया, जिनमें पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सामान्य प्लास्टिक के व्यवहार को परखा गया। इसमें पाया गया कि गर्म तरल के संपर्क में माइक्रोप्लास्टिक का उत्सर्जन कुछ सौ कणों से लेकर लाखों कण प्रति लीटर तक हो सकता है। वहीं, पेय को कप में कितनी देर तक रखा गया, यह उतना महत्वपूर्ण कारक नहीं पाया गया जितना उसका तापमान महत्वपूर्ण होता है।

## ट्रेंड

### मकर संक्रांति व पोंगल की बधाई



पोंगल का त्योहार हमें प्रकृति, परिवार और समाज के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखने का महत्व सिखाता है। जमीन और सूरज के प्रति हमारी कृतज्ञता दिखाता है। मकर संक्रांति और पोंगल कि देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### देशवासियों के कल्याण की कामना



स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा के लिए सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी ने त्याग व बलिदान के जो आदर्श स्थापित किए थे, वे हर देशवासी के लिए आज भी प्रेरणास्रोत हैं। आज अहमदाबाद के थलतेज में गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेक कर देशवासियों के कल्याण की कामना की।
-अमित शाह, गृह मंत्री

### वेटरन्स को उचित सम्मान



सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद जीवन का एक नया अध्याय शुरू होता है। सरकार का प्रयास है कि यह अध्याय गरिमा और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण हो। अपने वेटरन्स के साथ-साथ हम उन सैनिकों को भी उचित सम्मान दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### तमिल संस्कृति पर हमला



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से 'जना नायकन' को रोकने की कोशिश तमिल संस्कृति पर हमला है। मिस्टर मोदी, आप कभी भी तमिल लोगों की आवाज को दबाने में सफल नहीं होंगे। भारत लोकतांत्रिक देश है व लोकतंत्र का मतलब है कि हर नागरिक की आवाज सुनी जाए।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इंग्लिश लीग कप : फाइनल की दहलीज पर मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| लंदन।



मैनचेस्टर सिटी के नए खिलाड़ी एंटोनी सेमेन्यो ने लगातार दूसरे मैच में गोल किया, जिससे उनकी टीम न्यूकैसल को 2-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गई। पिछले सप्ताह बोर्नमाउथ से 87 मिलियन डॉलर में मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए इस फॉरवर्ड खिलाड़ी ने सेंट जेम्स पार्क में सेमीफाइनल के पहले चरण में 53वें मिनट में पहला गोल दागा।

मैनचेस्टर सिटी के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी रेयान चेर्की ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया। सेमेन्यो ने सप्ताहांत में एफए कप में एक्सेटर के खिलाफ मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से पदार्पण करते हुए गोल किया था। उनकी टीम ने यह मैच 10-1 से जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप आठ बार जीता है और पेप गार्डियोला के मुख्य कोच बनने के बाद उसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने आखिरी बार 2021 में यह खिताब जीता था। लीग कप का दूसरा सेमीफाइनल चेल्सी और आर्सेनल के बीच खेला जाएगा।

# कोपा डेल रे : क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ग्रीजमैन का दर्शनीय गोल



एंटोनी ग्रिज़मैन ने फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया, जिससे एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से पराजित करके कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। ग्रीजमैन ने 61वें मिनट में बाएं पैर से करारा शॉट लगाकर यह गोल किया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस तरह से 34 वर्षीय ग्रीजमैन ने पिछले छह मैचों में पांचवां गोल दागा। एटलेटिको मैड्रिड की टीम सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 1-2 से हार गई थी।

कोपा डेल रे के अन्य मैचों में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच नियमित समय और अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबर रहा था। एथलेटिक बिलबाओ ने दूसरी डिवीजन की टीम कल्चरल लियोनेसा को 4-3 से हराया।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान की महिला टीम के 'मेंटोर' बने रियाज



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की राष्ट्रीय महिला टीम का 'मेंटोर' (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि वहाब टीम के 'मेंटोर' होंगे और उन्हें पूर्व खिलाड़ियों इमरान फरहत और अब्दुल रहमान सहित कोचिंग स्टाफ का सहयोग मिलेगा। पाकिस्तान की महिला टीम की कप्तानी फातिमा सना करेंगी।

### कर्नाटक और विदर्भ के बीच पहला सेमीफाइनल



बेंगलुरु। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल कर्नाटक और विदर्भ के खिलाफ गुरुवार 15 जनवरी को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर पैदा कर सकते हैं। पडिक्कल इस समय शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बेहतरीन फॉर्म का नजारा मुंबई के खिलाफ सेमीफाइनल में किया था, जहां उनके नाबाद अर्धशतक की मदद से कर्नाटक ने जीत हासिल की थी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### पाकिस्तान में तीन मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया



लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दिन रात्रि टी20 मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप मैच भारत में खेलेगा, जबकि पाकिस्तान को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं। यह अप्रैल 2022 के बाद पहला अवसर होगा जबकि ऑस्ट्रेलिया टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा।

## डेरिल ने 131* और यंग ने 87 रन की शानदार पारी खेली

**तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर**

# मिचेल का शतक, न्यूजीलैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| राजकोट

डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी और विल यंग (87) के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे मैच में बुधवार को यहां भारत को सात विकेट से शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। इससे पहले केएल राहुल की 91 गेंदों में खेली गई नाबाद 112 रन की पारी (नौ चौके और एक छक्का) के बावजूद भारत सात विकेट पर 284 रन ही बना सका। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सीरीज का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग ने 98 गेंदों में 87 रन (सात चौके) की ठोस पारी खेली। मिचेल ने 117 गेंदों में नाबाद 131 रन बनाए। पदार्पण कर रहे बायें हाथ के स्पिनर जेडन लेनॉक्स ने 10 ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया। इसके विपरीत, कुलदीप यादव (10 ओवर, 82 रन, एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (आठ ओवर में 44 रन) ने 18 ओवर में 126 रन लुटा दिये। कुलदीप को लगातार शॉट गेंद डालने का खामियाजा भुगतना पड़ा। पारी के 36वें ओवर में लांग ऑन पर प्रसिद्ध कृष्णा ने एक आसान कैच छोड़ दिया, जिससे मिचेल को 80 रन पर जीवनदान मिल गया। कुलदीप ने यंग को आउट कर तीसरे विकेट की साझेदारी को तोड़ा और इसके तुरंत बाद मोहम्मद सिराज ने मिचेल को पगबाधा कर दिया। डीआरएस के जरिए हालांकि फैसला पलट गया क्योंकि गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लगकर गई थी।

मैन ऑफ द मैच




### तेंदुलकर से आगे निकले कोहली

इस मैच में भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने पहला रन बनाते ही सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह कीवी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो विराट कोहली के ऊपर इस मामले में रिकी पोंटिंग टॉप पर हैं। वहीं भारतीयों के मामले में विराट नंबर 1 बन गए और ओवरऑल सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। विराट कोहली लगातार एक के बाद एक सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर रहे हैं। वह वनडे शतकों के मामले में पहले ही सचिन को पीछे छोड़ चुके हैं।

### भारत- 284/7

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा का यंग बो क्लार्क | 24 |
| शुभमन गिल का मिचेल बो जैमीसन | 56 |
| विराट कोहली बो क्लार्क | 23 |
| श्रेयस अय्यर का ब्रेसवेल बो क्लार्क | 8 |
| केएल राहुल नाबाद | 112 |
| रविंद्र जडेजा का और बो ब्रेसवेल | 27 |
| रेड्डी का फिलिप्स बो फोक्स | 20 |
| हर्षित राणा का ब्रेसवेल बो लेनोक्स | 2 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : 10 रन
योग : 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन
विकेट पतन : 1-70, 2-99 , 3-115 , 4-118 , 5-191 , 6-248 , 7-256
गेंदबाजी : जैमीसन 10 . 2 . 70 . 1, फोक्स 9 . 0 . 67 . 1, क्लार्क 8 . 0 . 56 . 3, लेनोक्स 10 . 0 . 42 . 1, ब्रासवेल 10 . 1 . 34 . 1, फिलिप्स 3 . 0 . 13 . 0

### न्यूजीलैंड -286/3

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन कोन्वे बो राणा | 16 |
| हेनरी निकोल्स बो कृष्णा | 10 |
| विल यंग का रेड्डी बो कुलदीप | 87 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 131 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 32 |

अतिरिक्त: 10
कुल योग: 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन
विकेट पतन: 1-22, 2-46, 3-208
गेंदबाजी: सिराज 9-0-41-0, राणा 9.3-1-52-1, कृष्णा 9-0-49-1, रेड्डी 2-0-13-0, जडेजा 8-0-44-0, कुलदीप 10-0-82-1

### न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | : 1971 रन (50 पारी) |
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| कुमार संगकारा | : 1568 रन (45 पारी) |
| सनथ जयसूर्या | : 1519 रन (45 पारी) |

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| विराट कोहली | : 1773 रन (35 पारी)* |
| सचिन तेंदुलकर | : 1750 रन (41 पारी) |
| वीरेंद्र सहवाग | : 1157 रन (23 पारी) |
| रोहित शर्मा | : 1123 रन (31 पारी)* |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | : 1118 रन (39 पारी) |

आईसीसी रैंकिंग

# कोहली की बादशाहत फिर कायम एक बार फिर बने नंबर वन



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण पूर्व कप्तान रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारत ने रविवार को खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। इस मैच में कोहली ने 91 गेंदों पर 93 रन बनाए। उन्होंने पिछले पांच मैच में कम से कम अर्धशतक जरूर लगाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 74 रन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 135, 102 और नाबाद 65 रन और न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाए। कोहली ने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने 11वीं बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वह अब तक कुल 825 दिन शीर्ष पर रह चुके हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड है।

### गिल पांचवें स्थान पर बरकरार

शुभमन गिल ने अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है, जबकि श्रेयस अय्यर शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डैरिल मिचेल पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रन की तूफानी पारी खेलने से एक पायदान आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह कोहली (785 अंक) से केवल एक रेटिंग अंक पीछे हैं। मिचेल के साथी खिलाड़ी डेवोन कॉनवे तीन पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## सिंधू इंडिया ओपन के पहले दौर से बाहर श्रीकांत, प्रणय और मालविका जीते

नई दिल्ली (भाषा)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू बुधवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं जबकि किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय और मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू वियतनाम की थुई लिन एनगुएन के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार गईं जबकि श्रीकांत ने भारत के ही थारुन मानेपल्ली को हराया। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी और 2017 की चैंपियन सिंधू को एक घंटा और आठ मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में दुनिया की 23वें नंबर की वियतनाम की खिलाड़ी एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एनगुएन के खिलाफ सिंधू की यह लगातार तीसरी हार है और उनके लिए यह नतीजा बड़ा झटका है क्योंकि वह पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में पहुंची थी और घरेलू प्रशंसकों को उनसे यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। ओपन 2015 के चैंपियन और दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मान्नेपल्ली को 53 मिनट में 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में एकतरफा जीत दर्ज की और फिर निर्णायक गेम में थारुन की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जीत दर्ज की। श्रीकांत अगले दौर में फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे जिन्होंने चीनी ताइपे के जू वेई वैंग को 13-21, 21-18, 21-19 से हराया। प्रणय ने हांगकांग के ली चेयुक यिउ को 41 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी अगले दौर में आठवें वरीय सिंगापुर के लोह कीन येव के खिलाफ उतरेगा जिन्होंने चीन के वैंग झेंग शिंग को 23-21, 19-21, 21-14 से शिकस्त दी।



## पार्ल रॉयल्स की रोमांचक जीत, रजा ने आखिरी गेंद पर लगाया छक्का

पार्ल। जिंबाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा, जिससे पार्ल रॉयल्स ने बोलैंड पार्क में खेले गए एसए20 क्रिकेट मैच में डरबन सुपर जायंट्स पर छह विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। रॉयल्स को डेविड विसे के आखिरी ओवर में छह रन और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी। ऐसे में रजा ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। डरबन सुपर जायंट्स ने कप्तान एडेन मार्क्रम (66) के अर्धशतक और लियम लिविंगस्टोन के 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 186 रन बनाए थे। रॉयल्स ने चार विकेट पर 191 रन बना कर जीत हासिल की। रजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनसे पहले रुबिन हरमन (नाबाद 65) और डैन लॉरेंस (63) ने महत्वपूर्ण पारियां खेली। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की।

## यूपी वॉरियर्स को हराकर दिल्ली कैपिटल्स ने खोला जीत का खाता

**2026 महिला प्रीमियर लीग**

नवी मुंबई (भाषा)। लिजेल ली ने लगातार दूसरे मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को यूपी वॉरियर्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दिलाई। यह 2026 महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की पहली जीत है। यूपी वारियर्स की बल्लेबाजी आखिरी ओवरों में लड़खड़ा गयी जिससे टीम आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। टीम ने आखिरी पांच ओवर में छह विकेट गंवाकर 24 रन बनाये।पिछले मैच में 86 रन बनाने वाली लिजेल ली ने इस मुकाबले में भी लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी की। उन्होंने 44 गेंदों में आठ चौके और तीन शानदार छक्कों की मदद से 67 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए पिछली बार 2022 में खेलने वाली लिजेल ली डब्ल्यूपीएल में अपने प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी का मजबूत दावा पेश कर रही हैं। अनुभवी लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 24 गेंदों में नाबाद 25 रन की पारी खेली। उन्होंने मैच की आखिरी गेंद पर चौका जड़ते हुए दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाई।

*अंडर19 विश्व कप*

### अमेरिका के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा भारत

बुलावायो। कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार 15 जनवरी को अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया।

## सेंथिलकुमार और टंडन ने की जीत से शुरुआत

डेट्रॉयट। मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार और रामित टंडन ने खेली जा रही डीआर 21 मोटर सिटी ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता में जीत के साथ अपने नए सत्र की शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 46वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के सैमुअल ओसबोर्न वाइल्ड को आसानी से 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज टंडन को भी किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहले दौर के मैच में इंग्लैंड के टॉम वाल्श को 11-8, 11-4, 8-11, 11-4 से पराजित किया।

**मेन ड्रा मुकाबले में 28 बार के विश्व चैंपियन को भी करना पड़ा संघर्ष**

# कड़े संघर्ष के बाद नॉकआउट राउंड में पहुंचे पंकज आडवाणी

- 92वीं एसबीए नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में चल रही 92वीं एसबीए नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में बुधवार को सीनियर पुरुष स्नूकर के मेन ड्रॉ मुकाबले हुए। 28 बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को राजस्थान के दीपक करवां के खिलाफ कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ा। दीपक 2-1 से आगे थे, लेकिन पंकज ने चौथा फ्रेम जीतकर मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक फ्रेम में आखिरी लाल गेंद तक रोमांच बना रहा, जहां पंकज ने शानदार शॉट लगाकर वह गेंद पॉट की और टेबल क्लियर करते हुए जीत दर्ज की। इस जीत से आडवाणी ने नॉकआउट चरण में जगह बना ली, जबकि दीपक का सफर यहीं समाप्त हुआ।



बहादुरगढ़। प्वाइंट अर्जित करने का प्रयास करते पंकज आडवाणी।

### श्रीकृष्ण ने भी की वापसी

पूर्व विश्व चैंपियन एस. श्रीकृष्ण (पीएसपीबी) को भी रेलवेज के मुश्ताक के खिलाफ 2-1 से पीछे रहने के बावजूद वापसी करनी पड़ी। चौथे फ्रेम में मुश्ताक के पास मैच खत्म करने का मौका था, लेकिन पीले पर आसान गलती ने श्रीकृष्ण को मौका दिया और उन्होंने टेबल क्लियर कर मैच को निर्णायक फ्रेम में पहुंचा दिया। अंतिम फ्रेम में श्रीकृष्ण ने एक ही मौके में 77 का ब्रेक लगाकर 3-2 से जीत अपने नाम की। दूसरी ओर राहुल सचदेव (महाराष्ट्र) ने 106 का शानदार ब्रेक लगाया, जो फिलहाल टूर्नामेंट का सबसे ऊंचा ब्रेक है। राहुल सचदेव ने गौतम वर्मा (पंजाब) को 3-0 से हराया। सौरव कोठारी (पीएसपीबी) ने मनुदेव (कर्नाटक) को हराया। लक्ष्मण रावत (पीएसपीबी) ने मानन चंद्रा (पीएसपीबी) को 3-1 से हराया।

**फैसल ने वरुण को हराया:** फैसल खान (आरएसपीबी) ने वरुण कुमार (तमिलनाडु) को 3-2 से हराया। रेयान रजमी (महाराष्ट्र) ने पारस गुप्ता (यूपी) को 3-1 से हराया। आदित्य खत्री (उत्तराखंड) ने जेसन मल्होत्रा (दिल्ली) को 3-2 से हराया। ध्वज हरिया (पीएसपीबी) ने शंकर राव (आंध्रप्रदेश) को 3-0 से हराया। दिव्या शर्मा (हरियाणा) ने अनिश परिख (झारखंड) को 3-1 से हराया। विजय निचानी (तमिलनाडु) ने सुशांत सिन्हा (झारखंड) को 3-1 से हराया। सुब्रत दास (उड़ीसी) ने दिलिप कुमार (आरएसपीबी) को 3-2 से हराया। पंकज आडवाणी (पीएसपीबी) ने दीपक करवां (राजस्थान) को 3-2 से हराया। पियूष कुशवाहा (एमपी) ने शहबाज खान (महाराष्ट्र) को 3-2 से हराया। एस. श्रीकृष्ण (पीएसपीबी) ने मोहम्मद तौसीफ (छतीसगढ़) को 3-0 से हराया। बाला कृष्णा (तेलंगाना) ने आर. गिरीश (आरएसपीबी) को 3-1 से हराया।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि/समय | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि (₹) | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | OT-35/ 2025-26 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बेरीअर (ई०एल०बी०) इन ल्यू ऑफ लेफ्ट ओवर मकैनिकल लिफ्टिंग बेरीअर (एम.एल.बी.) एण्ड प्रोविजन ऑफ रोड सिग्नलस ऑन इन्टरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ आई०पी०एस० ऑन लेफ्टओवर इन्टरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹2,65,68,133.09 | ₹2,82,900/- | 270 दिन |
| 2. | OT-36/ 2025-26 | रिहैबिलिटेशन ऑफ डाटा लॉगर (डी०एल०) एण्ड फॉल्ट एनालिसिस सिस्टम (एफ ए एस) ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹1,00,44,982.79 | ₹2,00,200/- | 180 दिन |
| 3. | OT-37/ 2025-26 | रिप्लेसमेंट ऑफ नॉन आर०डी०एस०ओ० टाइप ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन अलार्म सिस्टम (ए०एफ०डी०ए०एस०) विथ आर०डी०एस०ओ० टाइप एट स्टेशन एण्ड रिले हट्स ओवर अंबाला डिवीजन। | 09.02.2026 को 15:00 बजे | ₹5,87,00,004.25 | ₹4,43,500/- | 180 दिन |

नोटः 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्याः एस.डब्ल्यू./सिग/अंबाला/एन०आई०टी०–14/2025–26 दिनांकः 14.01.2026 138/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





## सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर बोले-रक्षा मंत्री राजनाथ

# सैनिक देश के मजबूत स्तंभ, उनकी देखभाल करना हमारा नैतिक कर्तव्य

- 10वें रक्षा बल वयोवृद्ध दिवस' पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री ने अभियान में शामिल पूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

'ऑपरेशन पवन' में सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य पथ पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। रक्षा मंत्री ने कहा कि 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया।



*ये दिवस आजाद भारत की सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा को समर्पित है। जो 1953 में सेवानिवृत्त हुए थे*

### शांति सैनिकों के योगदान को मिल रही पहचान

राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को खुले मन से स्वीकार कर रही है और हर स्तर पर उसे मान्यता देने की प्रक्रिया चल रही है। 2015 में श्रीलंका यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। नेशनल वॉर मेमोरियल में भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के योगदान को पहचान दी है।

### सैनिक कभी रिटायर नहीं होता

*राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी सैनिक के लिए रिटायरमेंट केवल एक शब्द है। सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। वर्दी का रंग, कार्यस्थल या आसपास के लोग बदल सकते हैं, लेकिन दिल में देशभक्ति और सेवा की भावना हमेशा जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि पूरा देश हर क्षेत्र में सैनिकों और पूर्व सैनिकों के योगदान को महसूस कर रहा है। सरकार का मानना है कि सैनिक और पूर्व सैनिक देश के मजबूत स्तंभ हैं। उनकी देखभाल करना हमारा नैतिक और भावनात्मक कर्तव्य है।*

### सामाजिक चेतना बेहद महत्वपूर्ण

*देश की सच्ची शक्ति केवल योजनाओं से नहीं बल्कि उसकी सामाजिक चेतना में झलकती है। जिसके साथ वो अपने सैनिकों और पूर्व सैनिकों को देखता है। हमारे समाज द्वारा पूर्व सैनिकों को दिया जाने वाला सम्मान हमारे लिए एक महान सामाजिक पूंजी है। जो पीढ़ियों को जोड़ती है और राष्ट्र की आत्मा को मजबूत करती है। हमारे लिए ये गर्व की बात है कि भारत के सैनिकों के प्रति सम्मान किसी निर्देश से नहीं बल्कि ये हमारे मूल्यों का स्वाभाविक विस्तार है। सैनिकों के साथ हमारा बंधन हृदय, विश्वास, सम्मान और साझा भविष्य के सपनों का है।*

### ओआरओपी से जीवन में आई स्थिरता

उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। इस दिशा में हमने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की लंबे समय से लंबित पड़ी हुई मांग को पूरा किया है। साथ ही अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) को भी मजबूती प्रदान की है। राजनाथ ने कहा कि ओआरओपी के लागू होने से न केवल पूर्व सैनिकों के जीवन में आर्थिक स्थिरता आई है। बल्कि इससे उनका ये विश्वास भी मजबूत हुआ है कि देश उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार करता है। इस मामले में हमारा रुख बिलकुल साफ है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वालों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। हमारी कोशिश है कि स्वास्थ्य सुविधाएं शहरों की बजाय दूरदराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचें।

### राष्ट्रीय चेतना के स्तंभ हैं पूर्व सैनिक

राजनाथ सिंह ने ढाई हजार पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में हुए इस समारोह में कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, सामूहिक साहस के प्रतीक और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के मुख्य स्रोत हैं। ऐसे में उन्हें अपने अनुभवों के जरिए युवाओं के पथ-प्रदर्शन के साथ ही अग्निवीरों को सही दिशा प्रदान करनी चाहिए। जिससे वे आपातकालीन स्थितियों में नागरिक प्रशासन का साथ दें, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दें, जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करें। क्योंकि इसी से भविष्य के लिए एक मजबूत भारत की नींव रखी जा सकती है।

### पहले देते थे मौन श्रद्धांजलि

वर्ष 2015 में पीएम मोदी ने अपने श्रीलंका दौरे में वहां आईपीकेएफ के स्मारक पर जाकर देश के सैनिकों को श्रद्धांजलि दी थी। अब रक्षा मंत्री ने ये साफ कर दिया है कि हम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर आईपीकेएफ के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर मान्यता दे रहे हैं और उन्हें वो सम्मान प्रदान कर रहे हैं, जिसके वो असल में हकदार हैं। यहां बता दें कि पिछले साल अक्टूबर महीने में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी एनडब्ल्यूएम पर इस अभियान के पूर्व वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की थी।

## कहा-पोंगल अब वैश्विक त्योहार 'प्रकृति' हमारे जीवन का हिस्सा

पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री एल. मुरुगन के निवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। इसके साथ ही उन्होंने गो सेवा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोंगल अब एक वैश्विक त्योहार बन गया है और तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा धरोहर है।

पीएम मोदी ने बताया कि पोंगल लोगों को यह सिखाता है कि प्रकृति के प्रति आभार केवल शब्दों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना और पानी को बचाना और संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की लगभग सभी सभ्यताओं में फसलों से जुड़ा कोई न कोई पर्व मनाया जाता है। तमिल संस्कृति में किसान को जीवन का आधार माना गया है।



प्रधानमंत्री ने देशभर में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू जैसे त्योहारों के प्रति उत्साह की भी सराहना की और तमिल भाइयों-बहनों को शुभकामनाएं दी। पोंगल, तमिल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह प्रकृति, सूर्य, पशुओं और किसानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और परिवार के साथ संपन्नता, आभार और एकता का प्रतीक है।

## इंडियन पासपोर्ट की रैंकिंग ऊपर उठी

## रूस, ब्राजील सहित 75 देशों के लोगों को अमेरिकी वीजा पर रोक

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने 75 देशों के नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को अनिश्चितकाल के लिए रोकने का फैसला किया है, जिनमें ईरान, रूस, सोमालिया और अफगानिस्तान शामिल हैं। अमेरिकी विदेश विभाग 21 जनवरी से वीजा प्रक्रिया निलंबित करेगा। जब तक वह जांच और सत्यापन प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं कर लेता तब तक यह व्यवस्था स्थगित ही रहेगी। कांसुलर अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के तहत वीजा अस्वीकार करने का निर्देश दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य ऐसे आवेदकों को प्रवेश से रोकना है जो आमतौर पर सार्वजनिक कल्याण लाभों पर निर्भर रहते हैं। प्रभावित देशों की सूची में सोमालिया, रूस, अफगानिस्तान, ब्राजील, ईरान, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड और यमन सहित कई अन्य देश शामिल हैं। इन देशों में से कुछ के आवेदकों को पहले से ही अमेरिकी वीजा प्राप्त करने में बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन ब्राजील जैसे देशों के नागरिकों के लिए यह निर्णय चौंकाने वाला माना जा रहा है। सोमालिया को विशेष रूप से जांच के दायरे में लाया गया है, क्योंकि मिनेसोटा में एक बड़े धोखाधड़ी घोटाले की जांच में करदाताओं द्वारा वित्तपोषित लाभ कार्यक्रमों के व्यापक दुरुपयोग का खुलासा हुआ। संघीय अधिकारियों ने कहा कि इसमें शामिल कई लोग सोमाली नागरिक या सोमाली-अमेरिकी थे। नवंबर 2025 में विदेश विभाग ने दुनिया भर में अमेरिकी राजनयिक मिशनों को एक संदेश भेजकर कांसुलर अधिकारियों को 'पब्लिक चार्ज' प्रावधान के तहत कड़े स्क्रीनिंग मानकों को लागू करने का निर्देश दिया। इस निर्देश में अधिकारियों से ऐसे कारकों को ध्यान में रखते हुए वीजा अस्वीकार करने को कहा गया है, जैसे स्वास्थ्य, आयु, अंग्रेजी दक्षता, वित्तीय स्थिति और दीर्घकालिक चिकित्सा देखभाल की संभावित आवश्यकता।

- अमेरिकी विदेश विभाग 21 जनवरी से वीजा प्रक्रिया निलंबित करेगा

## अब 55 देशों में वीजा फ्री घूम सकेंगे भारतीय, सूची में 80वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 की सूची जारी हो गई है, जिसमें भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में अच्छा सुधार दिखा है। अब भारतीय पासपोर्ट 80वें नंबर पर है, जो पिछले साल (2025) में 85वें नंबर पर था। यानी एक साल में पासपोर्ट की रैंकिंग 5 नंबर सुधर गई है। 85वीं रैंक पर नाइजर व अल्जीरिया भी हैं। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 55 देशों में वीजा फ्री एंट्री, वीजा ऑन अराइवल या इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन के साथ सफर कर सकते हैं। पिछले साल यह संख्या 57 थी, लेकिन अब रैंक में सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट की यह रैंकिंग पिछले कुछ सालों में स्थिर या गिरावट के बाद सुधार का संकेत है। 2006 में भारत 71वें स्थान पर था, लेकिन बाद में गिरावट आई। सूची में सिंगापुर का पासपोर्ट प्रथम स्थान पर है, जिसे 192 देशों में वीजा फ्री एक्सेस है। जापान और साउथ कोरिया दूसरे नंबर पर है, जिसे 188 देशों में एंट्री मिली है।




## शक्सगाम घाटी पर पाक-चीन समझौता अवैध : सेना प्रमुख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का पड़ोसी देश चीन पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाली शक्सगाम घाटी को लेकर तमाम दावे कर रहा है। इस बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि भारत शक्सगाम घाटी पर पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 में हुए समझौते को 'अवैध' मानता है। जनरल द्विवेदी की ये टिप्पणियां विदेश मंत्रालय की ओर से शक्सगाम घाटी में चीन की विकास परियोजनाओं की आलोचना करने और यह कहने के चार दिन बाद आईं कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। बता दे कि पाक ने 1963 में अवैध रूप से शक्सगाम घाटी में स्थित 5,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र को चीन को सौंप दिया था।

### जांच कमेटी के सामने पेश हुए

## जस्टिस वर्मा-पुलिस नाकाम तो हम पर क्यों महाभियोग?

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अपने खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया का सामना कर रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद संसदीय जांच समिति के सामने पेश हुए। इस दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर जब आग लगी थी, तब वह घर पर नहीं थे। उन्होंने ये भी दावा किया कि वहां से कोई कैश बरामद नहीं हुआ। लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित जांच समिति के सामने उन्होंने जोरदार बचाव किया है। जस्टिस वर्मा ने जांच कमेटी से कहा कि जब घटना हुई तब वह पहले व्यक्ति नहीं थे जो मौके पर पहुंचे थे। उन्हें पुलिस व फायर डिपार्टमेंट की कथित लापरवाहियों के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।



### थाईलैंड में रेल हादसा

## चलती ट्रेन पर क्रेन गिरने से 30 लोगों की दर्दनाक मौत

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, 64 लोग इस हादसे में घायल हो गए हैं। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, बैंकॉक से उत्तरपूर्वी थाईलैंड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जब एक निर्माण क्रेन ट्रेन के एक डिब्बे पर गिर गई। नाखोन रत्चासिमा प्रांत के स्थानीय पुलिस प्रमुख थचापोन चिन्नावोंग ने बताया, 30 लोगों की मौत हो गई और से अधिक लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बुधवार सुबह नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई। ये बैंकॉक से 230 किलोमीटर (143 मील) उत्तरपूर्व में स्थित है। यह ट्रेन उबोन रत्चथानी प्रांत जा रही थी। हाई-स्पीड रेल परियोजना पर काम कर रही क्रेन गिर गई और गुजरती ट्रेन से टकरा गई।

- 64 लोग इस हादसे में घायल हो गए




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28